


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 347 | ग्वालियर, 13 अक्टुबर शुक्रवार 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## लोगों की मृत्यु से दुखी हूं बिहार ट्रेन हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जताया शोक

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह बिहार के बक्सर जिले में एक रेलगाड़ी के पटरी से उतर जाने की घटना में लोगों की मृत्यु से दुखी हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना प्रकट करते हैं। मोदी ने कहा कि अधिकारी सभी प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। बुधवार की रात दिल्ली से असम जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के 23 डिब्बे बक्सर के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर जाने से कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए।

**पीएम ने जताया शोक**-प्रधानमंत्री कार्यालय ने मोदी के हवाले से 'एक्स' पर पोस्ट किया कि नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतर जाने से लोगों की मृत्यु से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। अधिकारी सभी प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहे हैं। बक्सर



जिले में रघुनाथपुर स्टेशन के पास बुधवार रात को असम से दिल्ली जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 12506) के 23 डिब्बे पटरी से उतर जाने से चार लोगों की जान चली गई थी। इस रेल हादसे में चार मृतकों के अलावा 30 यात्री घायल हुए हैं जिनमें छह महिलाएं और दो बच्चे शामिल हैं।

**मृतकों और घायलों की सूची**-पूर्व मध्य रेलवे जोन द्वारा मुहैया कराई गई जानकारी के मुताबिक घायलों की पहचान दीपक भंडारी (38), जुली सिंह (24), प्रदीप कुमार (25), सुजल राय (25), सुभाष चंद्र रॉय (35), बोद्या रॉय (40), गौतम मजूमदार (22), दरक्षा खातून (12) और अनुमय बर्मन (60) के तौर पर की गई है। हादसे में घायल अन्य यात्रियों के नाम संतोष कुमार बर्मन (46), मुक्ति राम बर्मन (58), मुकेश कुमार (24), रीना बर्मन (45), तरुण बर्मन (26), शिराजुल (36), रवि कुमार, जहादुर रहमान, सबनम खातून (35), नजराना खातून (23), शाहिद (चार), कार्तिक यादव (24), विवेक कुमार (29), देवंती देवी (60), सत्यनारायण गुप्ता (63), राकेश कुमार (30), वेद प्रकाश प्रजापति, मोहम्मद लाडू (29), दयानंद कुमार, सुदीप रविदास (25) और लाल बहादुर छेत्री (37) है।

## न्यूज ट्रैक

### सचिन पायलट की तरह... राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कर दिया ये क्या इशारा, राजस्थान चुनाव में टिकट मिलने पर बोले

**जयपुर।** बीजेपी सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में नया नेतृत्व लाने की सोच रहे हैं ताकि राजस्थान भी उनके अमृत काल मिशन में भागीदार बन सके। भारतीय जनता पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए 41 उम्मीदवारों की जो सूची जारी की है उसमें राठौड़ को जयपुर की झोटवाड़ा विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जयपुर ग्रामीण से सांसद राठौड़ ने यह भी कहा कि मोदी ने देश में रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की है। राजस्थान की सभी 200 सीटों पर 25 नवंबर को मतदान होगा और परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किए जाएंगे।उन्होंने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में नया नेतृत्व लाने की सोच रहे हैं, क्योंकि राजस्थान जो इतने बरसों से पिछड़ा हुआ राज्य है... वह प्रधानमंत्री के अमृतकाल मिशन में पूरा भागीदार बने और एक तरह से नेतृत्व करे। राठौड़ ने कहा कि यहां का सक्षम युवा देश के साथ आगे बढ़े यही प्रधानमंत्री चाहते हैं।**राजपाल समर्थकों के विरोध पर भी रखी बात**-झोटवाड़ा सीट से पूर्व विधायक राजपाल सिंह शेखावत के समर्थन में प्रदर्शन पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राठौड़ ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी को आगे बढ़ने का मौका देती है। उन्होंने कहा, हो सकता है कि आज किसी को अवसर मिला है, कल किसी और को अवसर मिलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के करीबी माने जाने वाले शेखावत झोटवाड़ा सीट से टिकट की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन जब भाजपा ने वहां से राठौड़ को मैदान में उतारा तो राजपाल के समर्थकों ने उन्हें टिकट देने की मांग को लेकर पार्टी कार्यालय पर प्रदर्शन किया।

**सचिन पायलट पर कसा तंज**-भारतीय सेना से सेवानिवृत्ति लेने के बाद 2013 में राजनीति में शामिल हुए पूर्व ओलंपियन राठौड़ ने कहा कि वह अपने सामने आने वाली चुनौती और पार्टी द्वारा दिए गए काम पर ध्यान केंद्रित रखेंगे। राठौड़ ने कहा, मैं मानता हूं कि भाजपा ही वो पार्टी है जो अवसर देती है, आगे बढ़ने का। हो सकता है आज किसी को अवसर मिला है, कल किसी और को अवसर मिलेगा। ये भी भाजपा में ही संभव है कि अवसर मिल जाता है। उन्होंने राजपाल शेखावत का नाम लिए बिना कहा,, लेकिन अगर कोई सचिन पायलट (अपने ही मुख्यमंत्री के खिलाफ बगावत का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस नेता) की तरह अति महत्वाकांक्षी हो जायेगा तो बार बार अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारेगा! राठौड़ का यह पहला विधानसभा चुनाव होगा।

**भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी** ~ राठौडउन्होंने कहा, मुझे जो भी काम दिया जाता है, मैं उसे पूरी प्रतिबद्धता, अनुशासन और उच्च मानकों के साथ पूरा करता हूं। हर कोई मेरे खेल (शूटिंग) के स्तर को जानता है। आतंकवादी मेरे इलाके (जब वह सेना में थे) से गुजरने में तौबा-तौबा करते थे! भाजपा नेता ने दावा किया कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को करारी हार का सामना करना पड़ेगा और भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सुशासन देगी, महिलाओं के लिए सुरक्षित माहौल बनाएगी और किसानों एवं युवाओं के मुद्दों का समाधान करेगी।

### मृतकों के परिजनों को 14-14 लाख की सहायता राशि, घायलों को मिली 50-50 हजार मदद



**बक्सर.** बिहार में बक्सर के पास ट्रेन के बेपटरी होने से जिन चार यात्रियों की मौत हुई है, उनमें असम जा रही एक महिला और उसकी आठ साल की बेटी शामिल हैं। लड़की के साथ असम जा रहे उसके पिता और उसकी एक बहन इस दुर्घटना में बच गई। इसके अलावा जान गंवाने वाले दो अन्य यात्रियों की पहचान राजस्थान के नरेंद्र कुमार और पूर्णिया के अबू जायद के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को रेलवे की ओर से 10-10 लाख रुपए और बक्सर जिला प्रशासन की ओर से 4-4 लाख रुपए सहायता के तौर पर दी गई।

पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बुधवार की रात 9~53 बजे आनंद विहार टर्मिनल से कामाख्या जा रही गाड़ी संख्या 12506 बेपटरी हो गई। रेलवे ट्रैक से ट्रेन की 23 बोगियां पटरी से उतर गई। हादसे के बाद पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक तरुण प्रकाश, दानापुर मंडल के रेल प्रबंधक जयंत कुमार चौधरी और अन्य अधिकारियों घटनास्थल पर देर रात ही पहुंच गए। इस हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई।

**मृतक के परिजनों और घायलों को आर्थिक मददः**नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस हादसे में जिन चार यात्रियों की मौत हुई, दिल्ली की ऊषा भंडारी और उनकी आठ साल की बेटी आकृति भंडारी शामिल हैं। दो अन्य यात्रियों की पहचान राजस्थान के नरेंद्र कुमार और पूर्णिया के अबू जायद के रूप में हुई। इनमें किशनगंज के अबू जायद, दिल्ली की ऊषा भंडारी और उनकी बेटी आकृति भंडारी और सीकर राजस्थान के नरेंद्र कुमार के परिजनों को पूर्व मध्य रेलवे की ओर से 10-10 लाख की सहायता राशि दी गई। वहीं, हादसे में घायल पांच यात्री गंभीर रूप से और 25 यात्री साधारण रूप से घायल हुए हैं।

## नीतीश कुमार को एक और झटका, रणवीर नंदन के बाद पूर्व एमएलए ललन पासवान का इस्तीफा





जनता दल (यूनाइटेड)

ललन पासवान
पूर्व विधायक सह
प्रदेश उपाध्यक्ष, (जदयू)

तीर छाप

वर्तमान पता:-

मो.- 9431800501

पत्रांक:-

दिनांक:-

**पटना।** लोकसभा चुनाव से पहले नेताओं ने दल-बदल शुरू कर दिया है। जेडीयू से एक और नेता ने इस्तीफा दे दिया। रोहतास जिले के चेनारी (सुरक्षित) विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे ललन पासवान ने जदयू से दिया इस्तीफा दे दिया। चुनावी माहौल में ललन पासवान का इस्तीफा जदयू के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पूर्व विधायक ललन पासवान ने अपने पद और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।इस्तीफा वाले लेटर में ललन ने क्या लिखा?इस्तीफा वाले लेटर में ललन पासवान ने लिखा कि बिहार में आतंक और गुंडा राज स्थापित करने वाले लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल से समझौता करने के बाद दलितों पर हत्या, बलात्कार और उत्पीड़न की बढ़ती घटनाओं और इसकी रोकथाम की दिशा में राज्य सरकार की तरह कोई कठोर कदम नहीं उठाए जाने के विरोध में मैं जनता दल (यू) की प्राथमिकता सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।अब तक तीन पार्टियों में घूम चुके हैं ललन पासवानललन पासवान साल 2005 में पहली बार जेडीयू के टिकट पर रोहतास के चेनारी विधानसभा से जीत हासिल की थी। इसके बाद साल 2009 में पार्टी से इस्तीफा देकर सासाराम सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र से आरजेडी की टिकट पर चुनाव लड़ थे। तब उन्हें मीरा कुमार से हार का मुंह देखना पड़ा था। इसके बाद 2015 में उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी रालोसपा से चेनारी विधानसभा से चुनाव लड़े और जीत मिली। कुछ साल बाद ललन पासवान फिर से जदयू में शामिल हो गए। अब उन्होंने एक बार फिर जेडीयू के प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।पूर्व विधायक ललन पासवान से कुछ दिन पहले जदयू के पूर्व एमएलसी रणवीर नंदन पार्टी से इस्तीफा दिया था। बाद में वो भाजपा में शामिल हो गए।

## जब तक अमेरिका है, इजरायल अपनी रक्षा के लिए अकेला नहीं... ब्लिंकन की दो-टूक, अब हमास की खैर नहीं

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन हमास के हमले के बाद इजरायल पहुंचे। उन्होंने इजरायल को अमेरिकी समर्थन का पूरा भरोसा दिया। ब्लिंकन ने कहा कि अमेरिका हमेशा इजरायल के साथ खड़ा होता। भले ही इजरायल खुद के दम पर अपनी सुरक्षा करने में सक्षम हो। हमास के हमलों में 1300 इजरायली नागरिकों की मौत हो चुकी है।इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी विदेश मंत्री का गुरुवार को उनके देश आना इजरायल के प्रति अमेरिका के पूर्ण समर्थन का ठोस उदाहरण है। उन्होंने इजरायल पर पिछले हफ्ते हमला करने वाले हमास आतंकवादी समूह की तुलना आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट से की। नेतन्याहू ने कहा कि जिस तरह से इस्लामिक स्टेट को कुचल दिया गया था, उसी तरह से हमास को भी कुचल दिया जाएगा। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक बार फिर इजरायल के प्रति अमेरिका का समर्थन दोहराया। उन्होंने कहा कि मैं अपने साथ यह संदेश लेकर आया हूं कि आप स्वयं इतने ताकतवर हो सकते हैं कि अपनी रक्षा स्वयं करने में सक्षम हों लेकिन जबतक अमेरिका है आपको इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।




## खून में लथपथ युवती बोली- मम्मी, मुझे अस्पताल लेकर चलो... एकतरफा प्यार में सिरफिरे ने युवती को चाकू से गोदा

**नई दिल्ली।** मम्मी, मुझे हॉस्पिटल लेकर चलो जल्दी... खून में लथपथ और दर्द से कराहती युवती का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। यह वायरल वीडियो देश की राजधानी दिल्ली का है, जहां एक मनचले ने एकतरफा प्यार में युवती को बुरी तरह चाकू से गोद डाला। दिल्ली के लाडो सराय के फिरनी रोड पर गुरुवार सुबह 23 साल की युवती पर उसके साथ पहले काम करने वाले गौरव पाल ने कैब के अंदर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। युवती को एम्स में आईसीयू में भर्ती कराया गया है और उनकी हालत काफी गंभीर बनी हुई है। उनके सिर, गर्दन समेत शरीर के कई जगहों पर चाकू से वार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने गाजियाबाद निवासी 27 वर्षीय आरोपी गौरव पाल को गिरफ्तार कर लिया है।



**क्या है मामला?** आरोपी युवक और युवती एक साथ नौकरी करते थे। युवती ने उससे दूरी बना ली थी, जिससे वह नाराज था। गुरुवार सुबह जब वह अपने ऑफिस जा रही थी। तभी लाडो सराय इलाके उसने चाकू से हमला कर दिया। डीसीपी चंदन चौधरी ने बताया कि आज सुबह करीब 6~20 मिनट पर लाडो सराय फिरनी रोड से एक पीसीआर कॉल आई थी कि एक लड़की को किसी लड़के ने चाकू मारा है। लड़की घायल है। पूछताछ में पता चला कि गौरव और युवती पिछले दो-ढाई साल से दोस्त थे। लड़की ने काफी समय से उससे दूरी बनाना शुरू कर दिया था। इसलिए वह सुबह आया। जब वह कैब से जा रही थी तब वह लाडो सराय में मिला। युवती ने पहले से ही कैब बुक करा रखा था। फिर वह कैब के अंदर आया और बातचीत के दौरान उस पर चाकू से हमला कर दिया। हालांकि कैब चालक ने शोर मचा। उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के डूंडाहेड़ा के रहने वाले 27 वर्षीय गौरव पाल के रूप में हुई है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

**पहले भी पुलिस को दी थी शिकायत**-पुलिस ने बताया कि इस घटना से पहले 10 सितंबर को भी एक कॉल आई थी कि एफ-74 लाडो सराय में एक लड़का एक युवती को परेशान कर रहा है, जो घर के सामने आ गया है, पुलिस टीम को भेजिए। जब पुलिस पहुंची तो मामला आपसी विवाद का निकला। पीड़ति लड़की और आरोपी गौरव पाल के बीच मामला उधार के पैसे का पाया गया। कॉल करने वाला उस दिन कोई कार्रवाई नहीं चाहता था इसलिए कॉल दर्ज की गई।

## क्या ज्योतिरादित्य सिंधिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे? 5 प्वाइंट से समझें बीजेपी की सियासी रणनीति

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के राजनीतिक गलियारों में इस बात को लेकर अटकलें तेज हैं कि ज्योतिरादित्य सिंधिया विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे? मार्च, 2020 में कांग्रेस से भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर-चंबल संभाग में पार्टी के बड़े नेता हैं। यह चर्चा तब और तेज हो गई, जब भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए अपनी दूसरी सूची में कई दिग्गजों को मैदान में उतारा, जिनमें तीन केंद्रीय मंत्री - नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल और फग्गन सिंह कुलस्ते के साथ-साथ पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय भी शामिल थे। इसके साथ, मध्य प्रदेश भाजपा में मुख्यमंत्री पद के लिए दौड़ शुरू हो गई है। विधानसभा चुनाव में सिंधिया की उम्मीदवारी की संभावना तब और बढ़ गई, जब उनकी बुआ और राज्यमंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने घोषणा की कि वह 17 नवंबर का चुनाव नहीं लड़ेंगी।



## फिर बड़ा खेल करेंगे नारायण त्रिपाठी? तीन बार पार्टी बदल कर चार बार बने विधायक

सतना।मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले नेताओं के दल-बदल का सिलसिला जारी है। राज्य में आचार संहिता की घोषणा हो गई है और एक चरण में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। बीजेपी ने मैहर विधानसभा सीट से मौजूदा विधायक नारायण त्रिपाठी का टिकट काट दिया है। यहां के केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थक नेता श्रीकांत चतुर्वेदी को उम्मीदवार घोषित किया गया है। नारायण त्रिपाठी को लेकर कहा जा रहा है कि वे एक बार फिर से पार्टी बदल सकते हैं। नारायण त्रिपाठी नवरात्रि में कांग्रेस में शामिल हो सकते हैं।हाल ही में बीजेपी सरकार ने मैहर को जिला घोषित किया है। मैहर को जिला बनाने की श्रेय नारायण त्रिपाठी ने कांग्रेस की सरकार को दिया था। नारायण त्रिपाठी लंबे समय से बीजेपी के खिलाफ हमलावर हैं। उन्होंने अलग विंध्य प्रदेश की मांग करते हुए खुद का संगठन बना लिया है। पहले कहा जा रहा था कि नारायण त्रिपाठी इस बार इस संगठन से चुनाव लड़ेंगे, लेकिन अब उनके कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें लगाई जा रही हैं।**क्यों हो रही है कांग्रेस में वापसी**-दरअसल, नारायण त्रिपाठी लंबे समय से बीजेपी से नाराज चल रहे हैं। करीब दो सालों से वो अपनी ही पार्टी और सरकार के खिलाफ हमलावर हैं। इसके बाद भी बीजेपी ने उन्हें पार्टी से बाहर नहीं निकाला था। 2018 का विधानसभा चुनाव उन्होंने बीजेपी के टिकट से जीता था। वो अलग विंध्य प्रदेश की मांग कर रहे हैं। नारायण त्रिपाठी ने विंध्य विकास पार्टी का गठन किया।



# मऊगंज में किसान बचाओ यात्रा व किसान सम्मेलन का आयोजन संपन्न




**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

मऊगंज।राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला मऊगंज में राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ द्वारा पूरे मध्य प्रदेश में किसान बचाओ मजदूर बचाओ शाहिद किसान रथ यात्रा का आगमन संघ कार्यालय में आज दिनांक 12/ 10 / 2023 को हुआ जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से संगठन के पदाधिकारी बिहार प्रांत उत्तरांचल उत्तर प्रदेश आदि प्रदेशों से मऊगंज की धरती पर आगमन हुआ किसानो की समस्याओं को लेकर सभी किसान नेताओं ने सभी सरकारों पर अपना तीखा रुक व्यक्ति किया इन किसान विरोधी सरकारों के विरोध में अपना वक्तव्य दिया साथ ही राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिला इकाई मऊगंज की कार्यकारिणी का घोषणा भी की गई जिसमें नरेंद्र सिंह सेंगर को जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष बाय पी सिंह सेंगर देवेंद्र मिश्रा कोषाध्यक्ष मोहन द्विवेदी संरक्षक दीनानाथ मिश्रा मार्गदर्शक राकेश रतन सिंह आज लोगों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया।

# मतदाता जागरूकता अभियान के तहत दिलाई गई शपथ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** विधानसभा चुनाव में मतदाताओं की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे ने बताया कि जिन मतदान केन्द्रों में गत लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है वहाँ महिला एवं बाल विकास विभाग तथा ग्रामीण विकास विभाग द्वारा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। विकासखण्ड गंगेव में आंगनवा?ी कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। फेस फूड इंडस्ट्री सगरा में भी कार्यकरत सभी कर्मचारियों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। नगर परिषद गोविंदग? में मतदाता जागरूकता की रैली निकाली गई तथा शपथ दिलाई गई। आंगनवा?ी कार्यकर्ताओं द्वारा दीवार लेखन के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। कृषि विभाग पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग तथा पशु चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



# कलेक्टर ने एमसीएमसी कक्ष का किया निरीक्षण





**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** विधानसभा निर्वाचन 2023 में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के विज्ञापनों के प्रमाणन तथा पेड न्यूज पर निगरानी के लिए जिला स्तरीय मीडिया मॉनीटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी एमसीएमसी का गठन किया गया है। इसके द्वारा एमसीएमसी सेंटर सहायक संचालक पिछ?ावर्ग कार्यालय कलेक्ट्रेट परिसर से निर्वाचन संबंधी कार्यवाहियाँ संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने एमसीएमसी सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आवश्यक उपकरण तत्काल संधारित करके निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मॉनीटरिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में प्रसारण के लिए निर्धारित प्रपत्र में आवेदन लेकर तत्काल अनुमति जारी करें। सोशल मीडिया पर भी लगातार निगरानी करें। यदि कोई आवंछित पोस्ट मिलती है तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाएगी। चुनाव प्रसार शुरू होने पर प्रिंट मीडिया के विज्ञापन तथा पेड न्यूज पर पूरी सावधानी से निगरानी रखें। व्यय लेखा टीम तथा निर्वाचन आयोग को निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन नियमित रूप से प्रेषित करें। नोडल अधिकारी उमेश तिवारी ने बताया कि विज्ञापनों के प्रमाणन तथा पेड न्यूज की निगरानी के लिए समस्त व्यवस्थाएं कर ली गई हैं। सेंटर में 24 घंटे कर्मचारी तैनात रहेंगे। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के दो विशेषज्ञों को तैनात किया गया है। इसके बाद कलेक्टर ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण करते हुए शिकायतों के निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को मतदान केन्द्रवार मतदान सामग्री तैयार कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले, सहायक नोडल अधिकारी शिवप्रसन्न शुक्ल तथा एमसीएमसी के सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल में बड़ी चूक,बिना प्रोटोकॉल के एचआइवी पीड़ित महिला का सिजेरियन..

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**
**विवेक तिवारी (संभागीय ब्यूरो)**

**सतना।**जिला अस्पताल के गायनी विभाग में डॉक्टर व पैरामेडिकल स्टॉफ की एक बड़ी चूक सामन आई है,गर्भवती महिला की एचआइवी रिपोर्ट देखे बिना ही डॉक्टर ने सीजर से प्रसव करा दिया। डॉक्टर व स्टॉफ ने न तो ऑपरेशन के दौरान पीपी किट पहनी और न ही सिजेरियन के बाद ऑपरेशन थियेटर को फ्यूमिगेट कर 4-5 घंटे के लिए बंद किया गया। महिला के एड्स पीडित होने की जानकारी जब डॉक्टर व नर्सिंग स्टॉफ को लगी तो जिला अस्पताल में हडकंप मच गया, लेकिन तब तक देर हो चुकी थी ,महिला डिस्चार्ज होकर घर पहुंच गई। एचआइवी पीड़ति महिला के बाद 13 घंटे में 11 महिलाओं के सीजर से प्रसव कराए गए।

# गुढ़ सीधी सीमा की चौकसी मे उतरी गुढ़ पुलिस

**दैनिक।पुष्पांजली टुडे रीवा**

रीवा, गूढ़। विधानसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशन पर गुढ़ पुलिस एलर्ट मोड मे आ चुकी है गुढ़ सीधी सीमा मोहनिया टनल सहित रीवा सीधी एवं सीतापुर सड़क मार्ग .की चौकसी के लिए अपनी टीम गठित कर सड़क में उतर चुकी है दिन के साथ ही रात मे भी गुढ़ पुलिस की नजर आन जाने वाले छोटे बडे वाहनो पर नजर बनी हुई है खास तौर पर दूसरे प्रदेश से आने जाने वाले वाहनो पर पुलिस की खास नजर है कानून एवं ब्यवस्था की स्थिति को चाक-चौबंद करन के लिए वाहनो के अन्दर भी गहन चेकिंग करने में कोई कसर नही छोड रही है।

**चेकिंग टीम में सामिल** –गुढ़ टीआई विकाश कपीश, ए यस आई तीरथ सिंह प्रधान अरक्षक अयोध्या राकेश वर्मा, सहित अ0 अतुल पाण्डेय, मान्धाता तिवारी सहित गुढ़ थाना के स्टाप सामिल रहे और अब यह अभियान लगातार चालू रहेगा।

# दुकान का सटर काट चोरो ने पार किया रजनीगंधा गुटखा सिगरेट सहित 20 हजार से ऊपर का समान

**गुढ़ मे इस समय चोरो का आतंक आम जनमानस मे भय का माहौल**

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**



**रीवा,गुढ़।** आपको बता दे कि इस समय पर गुढ़ नगर मे चोरो ने लोगो की नीद हराम कर रखा है कल और आज की रात्रि चोरो ने बाईपास हर्दी चौराहे के पास संचालित मिश्रा कोल्ड्रिग दुकान को चोरो ने निशाना बना कर दुकान का सटर काट कर 20 हजार से ऊपर का समान पर कर दिए दुकान संचालक शैलेन्द्र मिश्रा पिता रामायण मिश्रा ने बताया कि चोरो ने दुकान का सटर तोड कर दुकान में रखा रजनीगंधा गुटखा सिगरेट दो हजार नगदी सहित अन्य समान चुरा ले गए जबकि फ्रिज फ्रीजर काउन्टर छोड कर बाकी दुकान में रखा सामान पार कर दिए जिसकी सूचना गुढ़ थाने को दी गई है

# विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवम्बर को होगा मतदान

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**
**पुष्पेंद्र सिंह (ब्यूरो चीफ मऊगंज)**

**रीवा।** निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। रीवा तथा मऊगंज जिले की सभी आठ विधानसभा सीटों पर 17 नवम्बर को मतदान होगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 15 के तहत निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा की गई है। इसके अनुसार जिले के सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। इसी दिन से नामांकन पत्र भरने का कार्य आरंभ होगा। कलेक्ट्रेट कार्यालय रीवा में विधानसभा क्षेत्र सिरमौर, सेमरिया, गुढ़ा, मनगवां, रीवा तथा त्योंथर के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट कार्यालय मऊगंज में विधानसभा क्षेत्र देवतालाब तथा मऊगंज के उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। कलेक्टर ने बताया कि नामांकन पत्र 31 अक्टूबर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किए जा सकते हैं। दाखिल नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। उम्मीदवार दो नवम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा समाप्त होने के बाद उम्मीदवारों की अंतिम रूप से सूची का प्रकाशन कर उन्हें चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए 17 नवम्बर की तिथि निर्धारित की गई है। मतदान के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना 3 दिसम्बर को रीवा में होगी। विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया 5 दिसम्बर को समाप्त होगी। निर्वाचन की प्रक्रिया पूरी होने तक सम्पूर्ण रीवा और मऊगंज जिले में आदर्श आचरण संहिता लागू रहेगी।

# प्रसिद्ध गीतकार रविंद्र कुमार जैन की पुण्यतिथि पर बच्चों को मिष्ठान और फल वितरित किए गयेः शिवानी जैन एडवोकेट

ऑल ह्यूमन सेव एंड फॉरेंसिक फाउंडेशन डिस्टिक वूमेन चीफ शिवानी जैन एडवोकेट ने कहा कि महान संगीतकार-लेखक रवींद्र जैन का जन्म 28 फरवरी 1944 को हुआ था। उनकी पुण्यतिथि 9 अक्टूबर 2015 को मनाई जाती है।अपनी सुरमयी संगीत और खनकती आवाज़ के दम पर श्री रवींद्र जैन ने आम लोगों में जो जगह बनाई वो लाजवाब है। इस पुण्य तिथि के अवसर पर मदर टैरेसा चैरिटेबल मिशन के बच्चों को मिष्ठान और फल, कपड़े वितरित किए गए। आंखों में रोशनी नहीं होने के बावजूद अपने मधुरम संगीत से दुनिया को रोशन करने वाले महान संगीतकार और चोर मचाए शोर, गीत गाता चल, अंखियों के झरोखे से, राम तेरी गंगा मैली, हिना जैसी अनेक फिल्मों के अलावा दूरदर्शन के रामायण, दादा दादी की कहानियां, लवकुश जैसे मशहूर कार्यक्रमों को अपने कर्णप्रिय संगीत से सजाने वाले संगीतकार लेखक रविन्द्र जी जैन की पुण्यतिथि पर नमन करते हैं। आंखो में रोशनी नहीं थी, लेकिन अपने संगीत से जग रोशन कर दिया। बचपन में ही जैन भजन



और जैन कवियों की कविताएं पढ़नी और गानी शुरू कर दी थीं. उन्होंने दादा-दादी की कहानियां, रामायण और लव कुश जैसे मशहुर कार्यक्रमों को जैन ने अपने संगीत से सजाया। थिंक मानवाधिकार संगठन एडवाइजरी बोर्ड कमेटी मेंबर डॉ कंचन जैन, शार्क फाउंडेशन की तहसील प्रभारी डॉ एच सी अंजू लता जैन, गौ रक्षक दिनेश शर्मा जी, मां सरस्वती शिक्षा समिति के प्रबंधक डॉ एच सी विपिन कुमार जैन, संरक्षक राकेश दक्ष एडवोकेट, ज्ञानेंद्र चौधरी एडवोकेट, आलोक मित्तल एडवोकेट, डॉ एच सी राजेंद्र कुमार जैन, डॉ नरेंद्र चौधरी, मुन्नी देवी जैन, अनीता जैन आदि ने कहा कि सन 2015 में उनको पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। भारतीय टेलीविज़न के मीलपत्थर कहे जाने वाले रामानंद सागर द्वारा निर्देशित धारावाहिक रामायण में भी उन्होंने ही संगीत दिया था जिससे कि वे भारत के घर घर में पहचाने जाने लगे। यह शारीरिक रूप से अक्षम व्यक्तियों के लिए ही नहीं अपितु सामान्य व्यक्तियों के लिए भी एक बहुत अच्छे प्रेरणा स्त्रोत है। दोनों आंखों से न देख पाने पर भी अनेक मधुर संगीत गाए थे।

# चुनाव आयोग की हां, अब रानीकमलापति से रीवा के बीच दौड़ेगी वंदेभारत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे रीवा**

**रीवा।** ट्रेन के सभी कोचों का मेंटनेंस अब रीवा में होगा। हालांकि इसे जबलपुर में मैकेनिकल विभाग करता था, वहां भी यही विभाग करेगा।रेलवे ने जबलपुर से रानीकमलापति के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेन को रीवा से चलाने का निर्णय लिया। इसके अगले ही दिन मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई, जिसके बाद ट्रेन को बढ़े हुई रूट पर चलाने पर जबलपुर रेल मंडल पीछे हट गया। उसने पश्चिम मध्य रेलवे और चुनाव आयोग से इस पर राय मांगी।

**अब यह ट्रेन 15 अक्टूबर से रीवा से जबलपुर होकर रानीकमलापति जाएगी–** चुनाव आयोग ने वंदेभारत ट्रेन को रीवा से चलाने पर सहमति दे दी। अब यह ट्रेन 15 अक्टूबर से रीवा से जबलपुर होकर रानीकमलापति जाएगी। रेलवे ने नए समय और रूट को पहले ही जारी कर दिया है, जिसमें पमरे ने कोई बदलाव नहीं किया। इधर सहमति मिलने के बाद जबलपुर रेल मंडल के सभी विभाग ट्रेन को नए रूट पर चलाने से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गया है।

**इसलिए बना संशय**–अभी तक वंदेभारत ट्रेन को जबलपुर से रानीकमलापति के बीच चलाया जा रहा है। जबलपुर रेल मंडल के सर्वे रिपोर्ट के बाद इस ट्रेन को जबलपुर से इंदौर और जबलपुर से रीवा के बीच चलाने की बात उठी। इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड भेजा गया, जिस पर रीवा से जबलपुर होकर रानीकमलापति के बीच ट्रेन चलाने पर सहमति बनी। रेलवे बोर्ड ने 8 अक्टूबर को ट्रेन चलाने की परमिशन भी दे दी। इधर 10 अक्टूबर से इसे चलाना था, लेकिन जबलपुर रेल मंडल की तैयारी न होने की वजह से इसे 15 अक्टूबर से चलाने का निर्णय लिया गया। इसी बीच आचार संहिता लगने की वजह से इस ट्रेन को चलाने पर संशय बन गया।



हालांकि अब चुनाव आयोग ने इस पर अपनी सहमति दे दी है।

**जबलपुर नहीं रीवा में होगा मेंटनेंस,–** जबलपुर रेल मंडल अभी तक वंदेभारत ट्रेन का मेंटनेंस जबलपुर में कराता है, लेकिन इस ट्रेन का रूट रीवा तक जाने के बाद इस ट्रेन को अब रीवा से चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन के सभी कोचों का मेंटनेंस अब रीवा में होगा। हालांकि इसे जबलपुर में मैकेनिकल विभाग करता था, वहां भी यही विभाग करेगा, लेकिन कोच खड़े करने के लिए पिट न होने की वजह से दिक्कत आ रही थी, लेकिन रेलवे ने समय पर इसे बना लिया है। इसकी सफाई और मेंटनेंस के काम के लिए जिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है, उन्हें फिलहाल अभी रीवा जाकर इस ट्रेन का रखरखाव करना होगा।

यह है नया रूट

वंदेभारत ट्रेन सुबह साढ़े पांच बजे रीवा स्टेशन से रवाना होगी।

सतना, मैहर, कटनी होकर जबलपुर सुबह 8.45 पर आएगी।

जबलपुर में 10 मिनट रुकने के बाद रानीकमलापति के लिए रवाना होगी।

ट्रेन रीवा से जबलपुर का सफर सवा तीन घंटे का होगा।

अभी यह सफर अन्य ट्रेनों में 4 से 6 घंटे का है।

जबलपुर से सुबह 9. 45 बजे रानीकमलापति के लिए रवाना होगी।

दोपहर 3.30 पर रवाना और रात 8.10 पर जबलपुर पहुंचेगी

रात 8.20 पर रवाना होगी और रात साढ़े 11 बजे रीवा पहुंचेगी।

**इन्होंने क्या कहा**–मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगने की वजह से वंदेभारत ट्रेन को जबलपुर से बढ़ाकर रीवा से चलाने पर संशय था। इस संबंध में हमने पमरे और उन्होंने चुनाव आयोग से इस पर राय मांगी, जिस पर उन्होंने ट्रेन चलाने की सहमति दे दी है। यह ट्रेन 15 अक्टूबर से अपने नए रूट से चलेगी।

**विवेक शील, डीआरएम, जबलपुर रेल मंडल।**

**जिला दण्डाधिकारी ने जिले के सभी शस्त्र लायसेंस किए निलंबित..**

# संबंधित थाने में अपने शस्त्र जमा कराएं अन्यथा सभी शस्त्र लायसेंस होंगे निरस्त

**केशब पंडित जी अम्बाह...??**

**मुरैना...** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अंकित अस्थाना ने जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्वक ?ग से सम्पन्न कराने के लिए जिले के सभी प्रकार के शस्त्र लाइसेंस तत्काल प्रभाव से 05 दिसम्बर 2023 तक निलंबित कर दिए हैं।जिला दण्डाधिकारी ने कहा है कि सभी शस्त्र धारकों को अपने शस्त्र तत्काल संबंधित थाने में जमा कराना होंगे। लायसेंस धारी तत्काल थाने में शस्त्र जमा नहीं करने पर लायसेंस निरस्त कर दिए जाएंगे। यह आदेश माननीय न्यायालय के न्यायाधीश, निर्वाचन कार्य में संलग्न प्रशासनिक अधिकारी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल/सुरक्षागार्ड पर लागू नहीं होगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति की शस्त्र अनुज्ञप्ति आयुध अधिनियम की धारा 17 के अन्तर्गत निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही आयुध अधिनियम, भारतीय दण्ड सहिंता तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत भी दण्डात्मक कार्यवाही पृथक से प्रचलित की जायेगी।



**शस्त्र लायसेंस थानों में जमा करने की कार्यवाही जारी**

# डीएम ने सुरक्षा कर्मी और ऐसे ही अन्य लोगों को शर्तों के साथ शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र जमा में छूट दी है

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**सुरक्षा कर्मी अपने संस्थानों में ही शस्त्र रखेंगे**

भिण्ड। विधानसभा निर्वाचन 2023 के चुनाव की घोषणा के होने के उपरांत कानून व्यवस्था एवं निर्वाचन शान्ति पूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराये जाने की दृष्टि से स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार जिला भिण्ड अंतर्गत समस्त शस्त्र लायसेंस आदेश दिनांक 10 अक्टूबर से निलंबित कर समस्त शस्त्र संबंधित थानों मे जमा कराये जाने के आदेश जारी किये गये है। उक्त आदेश के फलस्वरूप विभिन्न सिक्योरिटी एजेंसी, बैंक, पैट्रोल पंप, टोल प्लाजा आदि पर तैनात सुरक्षा कर्मी के आवेदन पत्र शस्त्र जमा के छूट हेतु आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। जिला दण्डाधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने उक्त प्राप्त आवेदन पत्रों को दृष्टिगत रखते हुये जिला भिण्ड अंतर्गत निम्नानुसार शस्त्र लायसेंसियों के शस्त्र जमा में छूट प्रदाय की गई है। जिसके अंतर्गत विभिन्न सिक्योरिटी ऐजेंसी के माध्यम से शासकीय /अर्धशासकीय कार्यालयों की सुरक्षा में नियुक्त सुरक्षा कर्मी, विभिन्न बैंक/ए.टी.एम./ कैश बैंक संस्था /सेवा/ए.टी.एम. पर कैश पहुंचाने वाली एजेंसी पर नियुक्त सुरक्षा कर्मी, पैट्रोल पंप/टोल प्लाजा/अन्य वैधानिक सस्थानों पर नियुक्त सुरक्षा कर्मी (पूर्व से जानकारी दिये जाने पर), निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी/ कर्मचारी को छूट दी गई है। उक्त अनुमति प्राप्त आर्म्स सुरक्षा कर्मी को तदाशायी की सूचना संबंधित थानों में अनिवार्य रूप से दी जाना आवश्यक होगी।जिला दण्डाधिकारी ने आदेश में कहा कि उक्त सुरक्षा कर्मी अपने सेवा संस्थानों पर शस्त्र रखेंगे। कार्यालयीन समय समाप्ति के पश्चात अपने शस्त्र सेवा संस्थान में ही सुरक्षार्थ जमा करेंगे। तथा उक्त शस्त्र का उपयोग कार्य क्षेत्र के अलावा अन्य सार्वजनिक प्रदर्शन नही करेंगे। यह आदेश भिण्ड जिले की राजस्व सीमाओं की भीतर लागू होकर आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगा।

# पुलिस अधीक्षक ने तीन अपराधियों पर 14 हजार का ईनाम घोषित किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक भिण्ड ने जिले में अपराधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था के मद्देनजर 03 अपराधियों पर 14 हजार के इनाम घोषित किया है।पुलिस अधीक्षक ने आदेश जारी कर अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधि संगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग करते हुए अपराधी को बंदी कराने की सही सूचना देने, बंदी करवाने पर संबंधित व्यक्ति को पुरुस्कृत किया जाएगा।थाना बरासो में विभिन्न धाराओं में अपराधी लोकेंद्र सिंह पुत्र वीरसिंह गुर्जर निवासी बरासो हाल पाटली गांव अहमदाबाद गुजरात पर 10 हजार रूपये, थाना कोतवाली में इरफान खान पुत्र बसीर खान निवासी झांसी मोहल्ला भिण्ड एवं नफीस खान पुत्र बसीर खान निवासी झांसी मोहल्ला भिण्ड पर 2-2 हजार का इनाम घोषित किया है।

**कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण किया**

# लापरवाही पर मेटर्न सिस्टर रामबाई को निलंबित किया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड।** कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव द्वारा जिला चिकित्सालय भिण्ड की स्वास्थ्य सेवाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय प्रसूता द्वारा बताया गया कि उसे उचित इलाज प्रदाय नहीं किया गया। इससे प्रतीत होता है कि जिला चिकित्सालय में पदस्थ श्रीमती रामबाई सुनहरे मेटर्न सिस्टर द्वारा प्रसूताओं को दिये जाने वाले इलाज की मॉनीटरिंग नहीं की जा रही है।कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने इस पर तुरंत अनुशानातमक कार्रवाई करने के निर्देश जिला चिकित्सा अधिकारी को दिए और भविष्य ऐसी परिस्थिति निर्मित नही हो इसके लिए लगातार निरीक्षण कर स्थिति से अवगत कराने को भीं कहा है।मेटर्न सिस्टर की उनके पदीय कर्त्तव्यों में लापरवाही एवं उदासीनता को परिलक्षित करती है। अतः उक्त स्थिति के परिप्रेक्ष्य में श्रीमती रामबाई सुनहरे मेटर्न सिस्टर जिला चिकित्सालय भिण्ड को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए है।

# भाजपा की नवीन जिला कार्यकारिणी घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । भाजपा मीडिया सेंटर से जिला मीडिया प्रभारी अजय शर्मा के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिले की नवीन कार्यकारिणी की जानकारी दी गई।भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष सांसद विष्णु दत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद की सहमति से कार्यकारिणी की घोषणा की गई है।जिले के नवनियुक्त पदाधिकारीयो की घोषणा करते हुए जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बताया कि उपाध्यक्षों में जिले के उपाध्यक्ष पद पर उपेंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह भदौरिया, शिवराज सिंह यादव, उपेंद्र राजौरिया, अनिल सिंह कुशवाह, श्रीमती सुधा राठौर, नेहाल सिंह,? अनिल कटारे, राघवेंद्र सिंह भदौरिया, रमेश तोमर, रणजीत सिंह कुशवाह, सज्जन सिंह यादव रज्जन सिंह भदौरिया, जिला महामंत्रियों में धीर सिंह भदौरिया, कमल शर्मा, मनोज अनंत, जिला मंत्रियों में शैलेंद्र सिंह गुर्जर, फरेन्द्र सिंह सिकरवार, राधा कृष्ण शर्मा, राजेश कौराव, श्रीमती पिंकी शर्मा,श्रीमती रश्मि खटीक, अविनाश उपाध्याय राजकुमार जैन मुकेश जैन, डॉ तरुण शर्मा, शिव प्रताप सिंह राजावत, सुरेश छारी, बजरंग सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज शास्त्री सह कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह कुशवाह, जिला कार्यालय मंत्री आरबी सिंह बघेल एडवोकेट, सह जिला कार्यालय मंत्री रोहित शाक्य, सुरेंद्र सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी अजय कुमार शर्मा सह जिला मीडिया प्रभारी महेश सिंह नरवरिया, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोनू नरवरिया, सह जिला सोशल मीडिया प्रभारी शेखर खटीक,नागेंद्र पाल बघेल, जिला आईटी प्रभारी रामू कुशवाहा, गोपाल कुशवाह, सह जिला आईटी सेल प्रभारी अमन शर्मा को नियुक्त किया गया है।

# कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष नें गांवो में की बैठके



**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के जिला अध्यक्ष शिशुपाल सिंह भदौरिया नें लहार विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में भ्रमण कर 18 साल में भाजपा सरकार के द्वारा किए गए घोटालों के आरोप पत्र वितरण किए और जन-जन तक भाजपा के भ्रष्टाचारों को उजागर करने के लिए सोशल मीडिया कार्यकर्ताओं को जानकारी दी।इस दौरान कांग्रेस सोशल मीडिया की गांव-गांव बैठक कर सोशल मीडिया के बूथ प्रभारी नियुक्त किए गए, ग्राम पर्रायच में लवकुश सिंह, मोहित गुर्जर, ग्राम गुरीरा में नन्हे राजा, नितिन जाटव, ग्राम धौअर में सुनील सिंह गुर्जर, इंदल परिहार, ग्राम मटियावली बुजुर्ग , विपिन , अवधेश बघेल, ग्राम चाचीपुरा में, आशीष जाटव, ग्राम छोटी राहुली में रोहित सिंह बघेल, ग्राम लपवाहा में ईशान अली, अफजल अली, उमर अली, को बूथ प्रभारी नियुक्त किया गया।इस मोके पर सोशल मीडिया विभाग के जिला उपाध्यक्ष, आशीष चौहान,जिला उपाध्यक्ष अंशु राजावत, पूर्व अध्यक्ष शिव शंकर भदोरिया, जिला उपाध्यक्ष मनोहर गौर,जिला सचिव अनिरुद्ध पटेल,आकाश शर्मा ,दीपराज गुर्जर, गजेंद्र बाथम ,अतर सिंह राठोर,नरेन्द्र जाटव,विनोद जाटव, कमल सिंह गुर्जर,मंगल सिंह गुर्जर, शिवाजी गुर्जर, राजवीर गुर्जर, पप्पू कुशबाह,दुर्गसिंह गुर्जर (पूर्व सरपंच), मनू सिंह गुर्जर (सरपंच)अवधेश बघेल, शिशुपाल सिंह गुर्जर, आशीष गुर्जर, मोनू गुर्जर% लव कुश गुर्जर, मानवेंद्र सिह गुर्जर, राहुल गुर्जर, सुरेंद्र वघेल,पप्पन सिंह चौहान,दीपक सिंह चौहान, पप्पू बघेल, राजकुमार कुशवाह, केशव सिंह सरपंच चाचीपुरा,इब्राहिम खान, हसरत काजी,सलमान अली,छोटे काजी आदि लोग मौजूद रहे

# नाबालिग गुमशुदा/अपर्हता लडकी को धारकुण्डी पुलिस ने किया दस्तयाब बरामद

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सतना श्री आशुतोष गुप्ता ,श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय ग्रामीण सतना श्री विक्रम सिंह कुशवाह के ?निर्देशन तथा श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चित्रकूट श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अभिषेक पाण्डेय हमराह पुलिस स्टाफ के दिनांक 06/10/23 को फरियादिया छोटी कोल पति स्व.लक्ष्मण कोल उम्र 62 वर्ष निवासी कदैला थाना धारकुण्डी जिला सतना म.प्र.की रिपोर्ट पर गुमइंसान क्रमांक 17/23 एवं गुमशुदा/अपर्हता कुमारी रंजना साकेत (परिवर्तित नाम) नाबालिग होने से अपराध क्रमांक 135/23 धारा 363 ता.हि. का पंजीबद्ध कर विवेचना सउनि राकेश अहिरवार द्वारा की गई। दौराने विवेचना दिनांक 10.10.23 को गुमशुदा/अपृह्ता कुमारी रंजना साकेत (परिवर्तित नाम) को दस्तयाब किया जाकर कथन लेख किया गया। जो घर से घर से बिना बताये अपने बडे पापा के श्राद्व में अपनी बडी मां के घर सतना जाना तथा बाद में वापस घर आ जाना बताया। किसी के द्वारा बहलाफुसलाकर भगाकर ले जाना नहीं बताई ना ही अपने साथ कोई गलत काम होना बतायी। गुमशुदा/अपर्हता कुमारी रंजना साकेत (परिवर्तित नाम) को सुपुर्दगी पंचनामा तैयार किया जाकर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।




# भामाशाह ने विद्यालय में हाई प्रोजेक्टर किया दान

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान ,**

**शिक्षा में छात्र-छात्राओं को मिलेगी सुविधा,**



जवाली रानी- भामाशाह गजेंद्र सिंह पुत्र हरिसिंह राजपुरोहित देवलीपाबूजी द्वारा आज राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में नई तकनीकी से पढ़ाई हो इसलिए विद्यालय को हाई प्रोजेक्टर दान किया गया और साथ में स्वतंत्रता दिवस पर आजीवन मिष्ठान की भी घोषणा की ।और विद्यालय में कमरों में पंखों की भी घोषणा की । इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक * तुलसाराम मक्षाणा पूनम शर्मा सुरेन्द्र कुमार जगाराम सुश्री ज्योति विमला सोनल* द्वारा भामाशाह का माला और साफा पहनाकर जोरदार अभिनंदन और स्वागत किया गया।कद ऊंचा तो कर लिया ऊंचे रखो विचार दान धर्म जो ना किया जीवन है बेकार

# मतदान दलों के कार्मिक द्वितीय प्रशिक्षण के दिन करेंगे पोस्टल वैलेट से मतदान

**पोस्टल वैलेट से संबंधित प्रशिक्षण बैठक सम्पन्न**

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान दलों के कार्मिकों को पोस्टल वैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा दी गई है। इस बार इसके लिए प्रथम प्रशिक्षण में मतदान कार्मिकों को पोस्टल वैलेट प्राप्त करने फार्म 12 वितरित किया जायेगा। और दूसरे प्रशिक्षण के दौरान उन्हें पोस्टल वैलेट जारी कर प्रशिक्षण स्थल पर ही विधानसभावार बने वोटिंग कम्पार्टमेंट में मतदान कराया जायेगा। इस आशय की जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में पोस्टल वैलेट से संबंधित प्रशिक्षण बैठक में दी गई। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत डॉ. परीक्षित झा?, आयुक्त नगर निगम और नोडल अधिकारी पोस्टल वैलेट अभिषेक गहलोत, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋषि पवार, मास्टर ट्रेनर बीके गुप्ता, सहायक नोडल अधिकारी डीईओ नीरव दीक्षित, डीपीसी विष्णु त्रिपाठी तथा पोस्टल वैलेट प्रकोष्ठ के कर्मचारी उपस्थित थे।जिला निर्वाचन अधिकारी श्री वर्मा ने बताया कि वर्गीकृत सेवा मतदाता के रूप में 4 तरह के एबसेंटी मतदाता होंगे। जो अपने मतदान केन्द्र पर वोट नहीं करेंगे। इन्हें पोस्टल वैलेट की सुविधा दी जायेगी। मतदान दलों के कार्मिकों पुलिस तथा और अन्य कार्य में संलग्न कर्मियों के लिए प्रथम प्रशिक्षण के दौरान उन्हें फार्म 12 उपलब्ध कराया जायेगा। जिसके अनुसार संबंधित मतदाता कार्मिक अपनी जानकारी भरकर द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण स्थल पर लायेंगे। द्वितीय प्रशिक्षण स्थल पर सभी सात विधानसभाओं के वोटिंग कम्पार्टमेंट बनाये जायेंगे। इस दौरान संबंधित मतदाता को उसका भरा हुआ फार्म जमा कर उसके विधानसभा क्षेत्र का मत पत्र प्रदान कर विधिक प्रक्रिया अनुसार पोस्टल वैलेट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। सभी प्रशिक्षण स्थान पर अनिवार्यतः सुविधा केन्द्र पर स्थापित किये जायेंगे जो मतदान के पहले तीन दिन तक प्रातः 9 बजे से 5 बजे से तक कार्यरत रहेंगे। निर्वाचन डयूटी पर नियुक्त मतदाता केवल सुविधा केन्द्रों पर ही डाक मतपत्र से मतदान करेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को प्रशिक्षण स्थल पर कर्मचारियों की पोस्टल वैलेट से मतदान कराने 5-5 टीम गठित कर प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि दिव्यांग और 80 वर्ष से अधिक के मतदाता अपनी इच्छा पर अपने घर से पोस्टल वैलेट द्वारा मतदान कर सकेंगे। इसके लिए उन्हें बीएलओ से फार्म 12 डी प्राप्त कर आवेदन करना होगा। आवेदन कर चुकने के बाद इस प्रकार के मतदाता मतदान केन्द्र पर वोट नहीं डाल सकेंगे। रिटर्निंग आफीसर द्वारा अपने क्षेत्र के घर से वोटिंग चाहने वाले दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के मतदान के लिए अलग से मतदान दल गठित कर भेजेंगे। इन मतदाताओं की पूरी वोटिंग की प्रक्रिया वीडियोग्राफी कराई जायेगी।




# सुरभि गौ सेवा संस्थान रानी तहसील की बैठक में कार्यकारिणी गठित

**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**



**जवाली रानी** - बड़ा रामद्वारा केसरिया दरवाजा में संतश्री सुजनदास महाराज के सानिध्य में सुरभि गो सेवा जब संस्थान रानी स्टेशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें पाली जिला अध्यक्ष भगवानराम पटेल व एंबुलेंस प्रभारी कालुराम कुमावत की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें रानी तहसील अध्यक्ष भरत हवन्सा , उपाध्यक्ष हितेश मालवीय, कोषाध्यक्ष अमृत माली व सचिव गणेश चोधरी, महासचिव दिनेश माली, मीडिया प्रभारी छगन , सदस्य गण, दिनेश मीणा, भगवंत , मुकेश , रमेश चोधरी आदि सदस्यों द्वारा रानी स्टेशन टीम का गठन किया गया साथ ही गुंदोज टीम से पारस पंवार व अशोक पंवार ओर बोमादड़ा टीम से गणेश सीरवी व दिनेश पंवार मोके मोजूद थे साथ ही एम्बुलेश प्रभारी ने कालुराम कुमावत बताया की गो माता की सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही है ओर पाली गो सेवा संस्थान की बैठक के दौरान महंत संत श्री सुजनदास महाराज के सानिध्य में संस्थान की कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें रानी तहसील के स्थानीय गो भक्त मोके पर मोजुद थे

# कलेक्टर एवं एसपी ने किया विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**



सतना कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता विधानसभा क्षेत्र रामपुर बघेलान क्षेत्र अंतर्गत चोरमारी मतदान केंद्र क्रमांक 129, 130 तथा जमुना के मतदान केन्द्र 87, 88, 104 सहित विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं शांतिपूर्ण निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के दिशा-निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री वर्मा ने रामपुर बघेलान विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं से चर्चा कर निष्पक्ष और भय रहित वातावरण में निर्भीक होकर मतदान करने की सलाह भी दी। इस मौके पर एसडीएम आरएन खरे उपस्थित रहे

# भयावह रूप धारण कर चुकी है..

इजरायल और फिलिस्तीन के बीच 6 अक्टूबर से शुरू हुई जंगभयावह रूप धारण कर चुकी है।. दोनों तरफ से अब तक 3 हजार से ज्यादा नागरिक और सैनिक मारे जा चुके हैं। इजरायल में लगभग 900 लोग मारे गए हैं, जबकि 2300 लोग घायल हैं. गाजा पट्टी में 700 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबर है और 3726 लोग घायल हुए हैं। इजरायल ने दावा किया है कि उसने हमास के 1500 आतंकियो को गाजा पट्टी पर मार गिराया है। इस जंग से हर तरफ बर्बादी का आलम है। घर उजड़ गए हैं और जिंदगियां तबाह हो गई हैं।

ग़ाज़ा पट्टी इजरायल के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक 6-10 कि?मी? चौड़ी और कोई 45 कि?मी? लम्बा क्षेत्र है। इसके तीन ओर इसरायल का नियन्त्रण है और दक्षिण में मिस्त्र है। हालाँकि जमीन के सिर्फ दो तरफ इजरायल है पर पश्चिम की दिशा में भूमध्यसागर में इसकी जलीय सीमा इजरायल द्वारा नियन्त्रित होती है।

गाज़ापट्टी का इतिहास तो 1948 में इजरायल के निर्माण के साथ शुरु होता है पर इस क्षेत्र के सम्पूर्ण इतिहास के लिए इजरायल का इतिहास देखा जा सकता है। 1948 में इजरायल के निर्माण के बाद यहाँ बसे अरबों के लिए अर्मिस्टाइस रेखा बनाई जिसके तहत गाजा पट्टी में अरब, जो सुन्नी मुस्लिम हैं, रहेंगे तथा यहूदी इजरायल मे रहेंगे। 1948 से लेकर 1967 तक इसपर मिस्त्र का अधिकार था पर 1967 के छःदिनी लड़ाई में, जिसमें इजरायल ने अरब देशों को निर्णायक रूप से हरा दिया, इजरायल ने मिस्त्र से यह पट्टी भी छीन ली जिसके बाद से इसपर इजरायल का नियंत्रण बना हुआ है।

2005 में इजरायल ने फ़िलीस्तीनी स्वतंत्रता संस्था के साथ हुए समझौते के तहत ग़ाज़ा और पश्चिमी तट से बाहर हट जाने का फेसला किया। साथ ही इजरायल ने ग़ाज़ा तथा पश्चिमी तट पर स्थित यहूदी बस्तियों को भी हटाने का काम शुरु किया। 2007 में हुए चुनाव में हमास ने इसकी सत्ता हथिया ली जो इजरायल और संयुक्त राष्ट्र सहित कई देशों के अनुसार एक आतंकवादी संगठन है। हमास ने पश्चिमी तट पर स्थित अरबों से भी सम्पर्क तोड़ लिया जो 1948 में इजरायल के निर्माण का ही परिणाम हैं और इस कारण गजावासियों से अब तक जुड़े हुए थे।निस्संदेह हमास में हमले की योजना तीन-चार माह पूर्व में ही बना ली होगी, परन्तु हाल ही में 3 अक्टूबर को एक अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने की के लिए रियाद गए इजरायल सरकार के प्रतिनिधि की पहले आधिकारिक यात्रा ने इसमे भावनात्मक रूप से चिंगारी जलाने का काम किया। हमास ने यह महसूस किया कि इजरायल फिलिस्तीनियों को 1 इंच भी जगह दिए बिना अरब देशों के साथ शांति समझौता कायम कर सकता है। अमेरिका द्वारा रियाद और यहूदी राष्टों के बीच सामान्य रिश्ते बहाल करने की जितनी कोशिश की जा रही हैं उन्हें नाकाम करने के लिए इस घटना को अंजाम दिया गया।वर्तमान में आतंकी संगठन हमास के खिलाफ इजरायल में ग़ाज़ा की कार्रवाई को लेकर दुनिया के देश आपस में बट गए हैं। अमेरिका ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा अमेरिका



इजरायल के लोगों और सरकार हर संभव समर्थन के लिए तैयार है। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय यूनियन सहित देश देश इजरायल के साथ हैं जबकि ईरान, लेबनान , कतर सहित 22 अरब देश फिलिस्तीन के समर्थन में उतर आए हैं। रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने घटना के लिए प्रत्यक्ष रूप से अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया है।

गांधी ने अपने लेख में लिखा था, %यहूदियों के साथ मेरी सहानुभूति है...वे ईसाइयों के लिए अस्पृश्य हैं। ईसाई उनके साथ जैसा व्यवहार करते हैं वह हिंदुओं के अस्पृश्यों के साथ व्यवहार के काफी करीब है। दोनों ही मामलों में अमानवीय व्यवहार को जायज ठहराने के लिए धर्म की आड़ ली जाती है।अहिंसा के पुजारी गांधी ने अपने लेख में यहूदियों पर अत्याचार के मद्देनजर जर्मनी पर हमले तक की वकालत की लेकिन वह फिलिस्तीन में किसी यहूदी देश की स्थापना के सख्त खिलाफ थे। उन्होंने लिखा, %अगर कभी मानवता के नाम पर कोई वाजिब युद्ध होता है, एक पूरी नस्ल पर अत्याचार को रोकने के लिए जर्मनी के खिलाफ अगर युद्ध होता है तो ये पूरी तरह सही होगा। लेकिन मैं युद्ध में यकीन नहीं करता..यहूदियों से हमदर्दी के बावजूद गांधी उनके लिए फिलिस्तीन में अलग देश बनाए जाने के विचार के खिलाफ थे। उन्हें ये मानवता के खिलाफ अपराध की तरह लगता था। उसी लेख में उन्होंने लिखा कि यहूदियों को अरबों पर थोपना गलत और अमानवीय है। गांधी ने लिखा कि अरबों को फिलिस्तीन में यहूदियों के लिए आंशिक तौर पर या पूरी तरह अपना देश बनाने देने के लिए मजबूर करना मानवता के खिलाफ अपराध होगा।नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई ने आह्वान किया है कि फिलिस्तीन में तुरंत संघर्ष विराम होना चाहिए मलाला के अनुसार युद्ध कभी बच्चों को नहीं छोड़ता है ना इजरायल से अगवा किया और ना ही गाजा में एयर स्ट्राइक के बीच बिना पानी और खाने के रह रहे हैं।

वर्तमान परिदृश्य में जहां त्न20 सम्मेलन की सफलता के पश्चात् विश्व की सभी महान हस्तियॉ अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी की समाधि पर नतमस्तक हुए थे, यह उम्मीद की जा रही थी कि पूरा विश्व अहिंसा और शांति की ओर आगे बढ़ रहा है। युद्ध की विभीषिका संपूर्ण मानव जाति के अस्तित्व के लिए विनाशकारी है। विश्व की तमाम शक्तियों को हमास और इजरायल के युद्ध के बीच समझौता वार्ता को बढ़ाने के लिए आगे आना होगा ना कि युद्ध जारी रखने के लिए समर्थन देने के लिए।

# मणिपुर में स्थिति क्यों नहीं हो रही सामान्य, राजनीतिक जवाबदेही से ज़्यादा बीरेन सिंह सरकार को है छवि की चिंता



मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा की शुरूआत हुए 5 महीने से ज़्यादा का वक़्त बीत चुका है. उसके बावजूद मणिपुर में हालात अभी तक सामान्य नहीं हो पाया है. हिंसा की घटनाएं ज़रूर कम हुई हैं,लेकिन वहाँ के दो प्रमुख समुदाय मैतेई और कुकी के बीच तनाव की स्थिति कमोबेश वैसी ही है.बीच-बीच में हिंसक घटनाओं की तस्वीरें सामने आती रहती हैं. तस्वीरों के साथ ही हिंसक घटनाओं का वीडियो भी वायरल होते रहता है, जिसको लेकर सोशल मीडिया के अलग-अलग मंचों पर अलग-अलग दावे भी होते हैं. अभी एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें स्पष्ट तौर से देखा जा सकता है कि भीड़ में से चंद लोग दो युवकों को गोली मार कर उनके शव को एक गड्ढे में दफ़ना रहे थे. यह घटना कहाँ की है और शव को किस जगह पर दफ़नाया जा रहा है, इसकी जानकारी वीडियो में नहीं थी.मणिपुर में स्थिति क्यों नहीं हो पा रही सामान्य?मणिपुर से बाहर के लोगों को पिछले 5 महीने से मणिपुर के हालात के बारे में ज़्यादा जानकारी इस तरह के तस्वीरों और वीडियो से ही मिलती रही है. इन 5 महीनों में मणिपुर की हालत कितनी बदली है, माहौल सामान्य हुआ है या फिर तनाव का स्तर कमोबेश पहले जैसा ही है, इन सारे सवालों के जवाब इस तरह की तस्वीरों और वीडियो से कुछ हद कर जाते हैं. स्थिति में सुधार के सरकारी दावों की भी कलई इन तस्वीरों और वीडियो से खुल जाती है. मणिपुर में जिस तरह का माहौल है, हिंसक घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा है,उससे इतना तो ज़ाहिर है कि मणिपुर में कानून व्यवस्था अभी भी दयनीय स्थिति में है.

# तेलंगाना चुनाव में केसीआर के वर्चस्व और कांग्रेस के विस्तार से बीजेपी के मिशन साउथ को लग सकता है एक और झटका

इस साल अब 5 राज्य मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधान सभा चुनाव होना है. चुनाव आयोग ने मतदान की तारीख़ों का एलान कर दिया है. मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर, मिजोरम में 7 नवंबर और तेलंगाना में 30 नवंबर को मतदान होगा. वहीं छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को दो चरणों में वोट डाले जाएंगे. इन पांचों राज्यों में मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी.इन राज्यों की सत्ता पर क़ाबिज़ होने के लिए तमाम राजनीतिक दल चुनावी रणनीतियों को अंतिम रूप देने में जुटे हैं. इन पाँच राज्य में से तेलंगाना का चुनाव इस बार कई कारणों से ख़ास है. जिन 5 राज्यों में नवंबर में मतदान होना है, उनमें तेलंगाना ही एकमात्र दक्षिण भारतीय राज्य है. आंध्र प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना 2 जून 2014 के नया राज्य बना था. तेलंगाना विधान सभा में कुल 119 सीट है और यहां कम से कम 60 सीट हासिल कर ही सत्ता की कुर्सी पर बैठा जा सकता है.



प्रदेश की राजनीति में मजबूती से दख़ूल बढ़ा रही बीजेपी दूसरी धुरी है. मिशन साउथ के नज़रिये से बीजेपी के लिए तेलंगाना का महत्व और भी बढ़ गया है. इस साल मई में कर्नाटक में कांग्रेस से बुरी तरह से मात खाने के बाद बीजेपी वहां की सत्ता खो चुकी है. अब पुडुचेरी को छोड़ दें, तो दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की सत्ता बीजेपी के पास नहीं रह गयी है. दक्षिण भारतीय राज्यों में बीजेपी की उम्मीदें अब तेलंगाना में प्रदर्शन पर ही टिकी है.

तेलंगाना की राजनीति में तीसरी धुरी कांग्रेस है.जब से आंध प्रदेश से अलग होकर तेलंगाना नया राज्य बना है, यहां की स्थिति दयनीय होती गयी है. केसीआर का वर्चस्व स्थापित होने से पहले संयुक्त आंध्र प्रदेश में एक वक़्त था, जब तेलंगाना का इलाका राजनीतिक पकड़ के लिहाज़ से कांग्रेस का मजबूत गढ़ माना जाता था. आगामी विधान सभा चुनाव में कांग्रेस के सामने पुरानी राजनीतिक हैसियत को दोबारा हासिल करने की चुनौती है.

इन तीनों दलों के अलावा तेलंगाना की राजनीति में एक और महत्वपूर्ण कड़ी असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन या%नी एआईएमआईएम भी है. हालांकि एआईएमआईएम का प्रभाव हैदराबाद और उससे लगे इलाकों तक ही सीमित है.तेलंगाना के इलाकों में संयुक्त आंध्र प्रदेश के समय में तेलुगू देशम पार्टी का भी राजनीतिक प्रभाव हुआ करता था. हालांकि अलग राज्य बनने के बाद अब टीडीपी का यहां की राजनीति में कोई ख़ास प्रभाव नहीं रह गया हअलग राज्य बनने के बाद तेलंगाना में दूसरी बार विधान सभा चुनाव होने वाला है. इस चुनाव को लेकर तीन महत्वपूर्ण सवाल या कहें पहलू हैं. पहला सवाल है कि क्या के. चंद्रशेखर राव की फिर से सत्ता में वापसी होगी और वे लगातार तीसरी बार प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने में कामयाब होंगे. दूसरा सवाल इसी के उलट है. क्या तेलंगाना में केसीआर के वर्चस्व को ध्वस्त कर प्रदेश की सत्ता में आने की बीजेपी की ख़्वाहिश पूरी हो पायेगी या फिर जो उम्मीदें 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद बीजेपी को लेकर बँधी हैं, उस पर पानी फिर जायेगा. तीसरा सवाल कांग्रेस के विस्तार से जुड़ा है. क्या कांग्रेस फिर से वहीं राजनीतिक हैसियत हासिल कर पाएगी, जो तीन दशक पहले थी. इन्हीं तीन सवालों के इर्द-गिर्द तेलंगाना का पूरा चुनाव घूमता है. इन सवालों का जवाब तलाशने के लिए तेलंगाना की राजनीति को समझना होगा.सबसे पहले बात करते हैं कि अलग राज्य बनने के बाद से ही तेलंगाना में केसीआर और उनकी पार्टी को लेकर कैसा माहौल रहा है. जून 2014 में अलग राज्य बनने के बाद से ही तेलंगाना की राजनीति और सत्ता पर केसीआर का एकछत्र ?ब?ा है. तमाम प्रयासों के बावजूद अब तक न तो कांग्रेस और न ही बीजेपी केसीआर के सामने मज़बूत चुनौती पेश कर पाई है, जिससे प्रदेश में बीआरएस को लेकर ख़तरा पैदा हो सके. अभी भी कमोबेश हालात में कुछ ख़ास बदलाव नहीं दिख रहा है.तेलंगाना को अलग राज्य बनवाने में उनकी भूमिका सबसे प्रभावी और ज़्यादा रही है. यह हम सब जानते हैं. के. चंद्रशेखर राव दो जून 2014 से ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री हैं. अपनी पार्टी से तेलंगाना राज्य की अस्मिता को जोड़ते हुए उन्होंने अब तक विरोधी दलों का पैर प्रदेश में जमने नहीं दिया है.जैसे ही नया राज्य बना, तेलंगाना में सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण केसीआर मुख्यमंत्री बनते हैं. इसके बाद अपना कार्यकाल पूरा होने से 9 महीने पहले ही 6 सितंबर 2018 में मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र देने का फ़ैसला कर सबको चौंका देते हैं. इसके बाद तेलंगाना में पहला विधान सभा चुनाव दिसंबर 2018 में होता है. जब चुनाव नतीजे सामने आते हैं, तब समय से पहले चुनाव में जाने का केसीआर का फ़ैसला उनकी पार्टी के लिए ऐतिहासिक साबित होता है.विधान सभा चुनाव, 2018 में केसीआर की पार्टी 119 में से 88 जीत जाती है. टीआरएस क़रीब-क़रीब तीन चौथाई बहुमत हासिल कर लेती है. साझा आंध्र प्रदेश के रहते अप्रैल-मई 2014 में हुए विधान सभा चुनाव के मुक़ाबले टीआरएस को 25 सीटों का फ़ाइदा होता है. टीआरएस का वोट शेयर क़रीब 47 फ़ीसदी रहता है. दूसरे नंबर पर कांग्रेस रहती है, जिसे महज़ 19 सीटों पर ही जीत मिल पाती है. असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी.ढ्ढरूढ्ढरू07 सीटों पर जीतने में सफल रहती है. टीडीपी 2 और बीजेपी को मात्र एक सीट ही मिल पाता है. इन आँकड़ो से ज़ाहिर है

# चार महीने में बालासोर के बाद अब बक्सर में दूसरा रेल हादसा, लोगों की लगातार जा रहीं उठ रहे रेलवे पर ये 3 सवाल



बिहार के बक्सर में बुधवार यानी 11 अक्टूबर की रात बड़ा रेल हादसा हुआ है. बक्सर के रघुनाथपुर में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस (गाड़ी नंबर 12506) की 21 बोगियां बेपटरी हो गई. इस हादसे में चार लोगों की मौत की पुष्टि हुई है. कई यात्री जख्मी हो गए हैं. दिल्ली के आनंद विहार स्टेशन से असम के कामाख्या जा रही नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस के कई डिब्बे रात करीब 9 बजकर 35 मिनट पर बक्सर जिले के रघुनाथपुर स्टेशन के पास पटरी से उतर गए. घटना के बाद बिहार सरकार और रेलवे मंत्रालय ने मृतकों और घायलों को मुआवजे का ऐलान किया है और कई ट्रेनों का रूट बदल दिया गया है.

अभी जब चार महीने पहले बालासोर में 2 जून 2023 को जब बड़ी दुर्घटना हुई थी, तो रेलवे ने दावा किया था कि अब आगे सुरक्षा बिल्कुल चाक-चौबंद रहेगी. अभी जो कल रात यानी 11 अक्टूबर को जो दुर्घटना बिहार के बक्सर में नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस की हुई, उसमें कई सारी चीजें मैनेज की जा सकती हैं. अगर वह रात के दो-तीन बजे होती तो शायद नुकसान और अधिक हो सकता था. ये बात चिंताजनक है, क्योंकि भारतीय रेल 13 हजार से अधिक सवारी गाड़ियां चलाती हैं. जो गाड़ियां पटरी से उतरती हैं, उससे कई सवाल खड़े होते हैं. क्या पटरियों का जो नवीनीकरण है, मरम्मत है या देखभाल है, वह ठीक से हो रही है या नहीं, यह भी देखने की बात है. एक महत्वपूर्ण बात है कि इस बार नुकसान अधिक नहीं हुआ, क्योंकि इलेक्ट्रिक कोचेज थे, लाइटवेट थे, तो वे एक-दूसरे पर चढ़ी नहीं. दूसरे घायलों पर कोई बात नहीं करता है. घायलों की चूंकि जान बच जाती है, तो उनके बारे में कोई बात नहीं करता. उनमें से कई तो बहुत बुरी तरह घायल हो जाते हैं, कई दिव्यांग हो जाते हैं. नॉर्थ ईस्ट काफी प्रेस्टिजिस गाड़ी मानी जाती है. यह जिस मार्ग पर चलती है, वह मुख्य मार्ग है, तो इन चीजों ध्यान देना चाहिए और सुरक्षा को पहली शर्त बनाया जाना चाहिए.

**चमक-दमक में लगा है पूरा रेलतंत्र** -हकीकत ये है कि भारतीय रेल में इधऱ स्टाफ की भर्ती नहीं हो रही है. लगभग तीन लाख वैकेंसी है, जिसे भरा नहीं जा रहा है. पूरा रेलवे तंत्र इस वक्त चमक-दमक और ऊपरी बातों में लगा है. ध्यान देना है पटरी पर तो हम दे रहे हैं चमक पर. वंदे भारत चले, इसमें कोई दिक्कत नहीं है. रेलवे स्टेशनों को भी चमकाया जाए, उसमें भी कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन सुरक्षा को तो पहली प्राथमिकता देनी ही होगी. वंदे भारत की ही औसत गति देखें तो वह 100 किमी प्रति घंटे भी नहीं है. उसको सेमी-हाई स्पीड कहते हैं. कई आरटीआई के जवाब में रेल मंत्रालय ने कहा है कि वह 80-85 के एवरेज पर चल रही है. पुराने डिब्बों से लेकर नए डिब्बे तक का जो ट्रांजिशन है, वह प्रक्रिया वही है. तरीकों में सुधार नहीं हो रहा है, मानसिकता में बदलाव नहीं हो पा रहा है.

जितने तरह के साजोसामान जुटाए जा रहे हैं, उसके साथ ही सुरक्षा और संरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया जाना चाहिए. वह पूरी मानसिकता ही बदलनी चाहिए. आप देखिए कि 2017 से अभी तक जो पटरी से उतरने की घटनाएं हैं, उनमें भी बढ़ोतरी हुई है. कानपुर से इलाहाबाद के बीच अगर आप देखें, या फिर मध्य प्रदेश के इंदौर वाली दुर्घटना है, उसमें काफी बड़ी कैजुअल्टी हुई है, जो पटरी से उतरने की वजह से हुआ है. पटरी से उतरना तो मुहावरा ही है जब हम तंत्र के बारे में कोई बात करना चाहते हैं. तो, रेलों को पटरी से उतरने की घटनाएं कम हों, इसके लिए तो बिल्कुल चाक-चौबंद व्यवस्था करनी चाहिए.

**सरकार दे रेलवे पर ध्यान**-जिस दिन यह सरकार 2014 में बनी, उसी दिन गोरखपुर में भयंकर दुर्घटना हुई थी. तब इस सरकार ने कई सारी बातें कही थीं. इन्होंने तीन-चार चीजों को प्राथमिकता दी थी. पहला यह कि रेलवे का निजीकरण नहीं होगा, दूसरा-पुरानी सरकारी की तरह रेलवे को राजनीति का अखाड़ा नहीं बनने देंगे और तीसरा यह कि बेमतलब की ट्रेनें नहीं चलाएंगे. हालांकि, ये तीनों ही बातें नहीं हुईं. सरकार को जितना ध्यान रेलवे पर देना चाहिए, वह दे नहीं रही है. रेलमंत्री भी अभी ओवरलोडेड हैं. उनके पास आइटी मंत्रालय भी है. शास्त्री जी थे तो उनके पास परिवहन मंत्रालय था. अब सरकार ने रेलवे बजट ही खत्म कर दिया है, तो संसद में भी जो चर्चा हो पाती थी, वह भी नहीं हो रही है. रेलवे में एकरूपता लाने के नाम पर सरकार ने रेलवे प्रबंधन सेवा में सबको समाहित कर दिया है. पहले जो विशेषज्ञ सेवाएं थीं, उसको खत्म कर दिया गया है. कहा गया कि विभागीय सुप्रीमैसी चल रही है.विभाग को तो आप किसी अधिकारी के हवाले ही करेंगे न. उसकी तो सुप्रीमैसी रहेगी ही. फिर, एक काम और आया. बीच में कुछ ऐसे लोगों को अधिकारी बनाया गया, जो या तो रिटायर हो गए हैं या फिर उसी तरह आधे-अधूरे मन से लाए गए. जैसे, अश्विनी लोहानी साहब को रेलवे बोर्ड का चेयरमैन बनाया गया. वे 20 साल से रेलवे में थे ही नहीं. आखिरकार, उनको भी जाना पड़ा. रेलवे में इस तरह के प्रयोग नहीं करने चाहिए. जो प्रयोग हों वे सुरक्षा-संरक्षा को सुनिश्चित करने चाहिए. अब किसान-रेल की ही बात लीजिए. तीन साल में सात लाख-आठ लाख टन ही माल ढुलाई हुई. यह तो रेलवे के हिसाब से कुछ हुआ ही नहीं, तो यह तो फेल्योर है. कहने का मतलब यह है कि रेलवे को चमक-दमक से इतर अपने काम पर ध्यान देना चाहिए. जो पुरानी समितियां हैं, जैसे काकोडकर कमिटी, उसकी सिफारिशों को लागू करना चाहिए. योजनाओं की संख्या बढ़ाने और चमक-दमक से बेहतर यात्रियों की सुरक्षा-संरक्षा पर ध्यान दिया जाए. बहुतेरी कमियां हैं रेलतंत्र

## शुभमन गिल को अस्पताल से छुट्टी, पाकिस्तान के खिलाफ खेलने पर अभी भी सस्पेंस

**नई दिल्ली।** डेंगू से जूझ रहे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के प्लेटलेट एक लाख से नीचे गिरने के कारण उन्हें चेन्नई में अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिन्हें छुट्टी मिल गई है हालांकि पाकिस्तान के खिलाफ 14 अक्टूबर को अहमदाबाद में उनका खेलना संदिग्ध है। पिछले सप्ताह चेन्नई आने के बाद गिल को डेंगू संक्रमित पाया गया था। वह बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ भारत का दूसरा मैच भी नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'शुभमन को चेन्नई में टीम होटल में ड्रिप चढ़ाई जा रही थी लेकिन उनके प्लेटलेट



गिरकर 70000 हो गए। एक बार एक लाख से नीचे प्लेटलेट जाने पर अस्पताल में भर्ती कराना जरूरी है। प्लेटलेट एक लाख से ऊपर जाने पर उसे छुट्टी मिल जाएगी। समझा जाता है कि गिल को चेन्नई के कावेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है और भारतीय टीम के डॉक्टर रिजवान उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए हैं । डेंगू शरीर को कमजोर कर देता है और उससे उबरने में समय लगता है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी कहा है कि उनकी प्राथमिकता यह देखना है कि गिल जल्दी से ठीक हो जाए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले कहा था, 'मुझे उसके लिए बुरा लग रहा है। मैं पहले इंसान हूं तो मैं चाहूंगा कि वह जल्दी ठीक हो जाए। यहां कप्तान की तरह नहीं सोच रहा हूं कि गिल को कल खेलना चाहिए। वह युवा है और उम्मीद है कि जल्दी ठीक होगा।'

## प्वाइंट टेबल में हुआ फेरबदल, भारत 5वें स्थान पर, यह है टॉप स्कोरर-विकेटटेकर

**नई दिल्ली।** क्रिकेट विश्व कप 2023 के छठे मुकाबले में न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड के ऊपर 99 रन से जीत हासिल कर ली।




न्यूजीलैंड इसी के साथ प्वाइंट टेबल में टॉप पर आ गया है। उन्होंने विश्व कप ओपनर में इंगलैंड को भी हराया था। बहरहाल, प्वाइंट टेबल में साऊथ अफ्रीका बड़ी जीत के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनकी नैट रन रेट 2 से ज्यादा है। तीसरे पर पाकिस्तान तो चौथे नंबर पर बांग्लादेश बनी हुई है। भारत अभी पांचवें स्थान पर हैं। वहीं, इंगलैंड 10वें स्थान पर।

## नीदरलैंड को हराकर Tom Latham ने दिया ईशारा- कब होगी केन विलियमसन की टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड ने आखिरकार विश्व कप अभियान के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। जीत के बाद कीवी कप्तान टॉम लैथम ने केन विलियसमन ) की वापसी को लेकर ईशारा दिया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम जल्द पूरी टीम उपलब्ध होने से दूर नहीं हैं। बता दें कि विलियसमन चोट के कारण न्यूजीलैंड के पहले दोनों मुकाबलों में खेल नहीं पाए थे। अब लैथम के बयान के बाद उनकी वापसी होती नजर आ रही है।

टॉम लैथम ने मैच पर बात करते हुए कहा कि आज स्पिनर बढ़िया रहे। मिच (सैंटनर) को आखिर पुरस्कार मिला। लड़कों ने पहले खेलते हुए अच्छा काम किया। उसे (लॉकी को) वापस देखकर बहुत अच्छा लगा। आप जिस भी मैदान पर जाते हैं, वह अनुकूलन के बारे में होता है। हमने गेंदबाजी की और बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया। हम साझेदारियां बनाने में कामयाब रहे। बोर्ड पर शानदार स्कोर बनाया और गेंदबाजों ने शानदार काम किया। उधर, नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने कहा कि हम पहले 40 ओवरों तक अच्छे थे लेकिन वह आखिरी 3 ओवरों में आगे निकल गए। अगर हम उन्हें 280 तक रोक लेते तो कुछ भी संभव हो सकता था। रात को विकेट अच्छी हो गई थी। न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और उन्होंने हमे इसे आसान नहीं बनाने दिया। यहां बड़ी पारी चाहिए थी। 50 या 60 रन से मैच नहीं जीत सकते।

## 5 विकेट लेकर बोले Mitchell Santner- मैंने जडेजा को इन पिचों पर गेंदबाजी करते हुए करीब से देखा है

**हैदराबाद।** हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में नीदरलैंड की टीम 223 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर 5 विकेट निकालने में सफल रहे। उनकी यह पारी विश्व कप में न्यूजीलैंड के किसी स्पिनर की सबसे बैस्ट पारी है। सैंटनर को उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने मैच के बाद अपनी गेंदबाजी सफलता का एक श्रेय भारतीय स्पिनर रविंद्र जडेजा को भी दिया। सैंटनर ने मैच के बाद कहा कि इन पिचों पर गेंदबाजी करना आसान नहीं होता। मैंने लंबे समय तक रविंद्र जडेजा को ऐसी पिचों पर गेंदबाजी करते हुए करीब से देखा है। यह आपको कहीं न कहीं फायदा देता है।



मैच जीतने के बाद सैंटनर बोले- बल्लेबाजी में आज आगे रहने वाले साथियों को श्रेय दूंगा जिन्होंने आज हमें एक अच्छा मंच दिया। बीच में थोड़ा सा टीम रुकी लेकिन हम 320 के स्कोर को पार करने में कामयाब रहे। गेंद की बात करूं तो रोशनी में यह थोड़ी फिसली लेकिन हमने इसे रोक लिया। आज रात मैंने अपनी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं की लेकिन पुरस्कार पाकर खुश हूं। हमारी कोशिश लगातार विकेट लेने की थी जिसमें हम कामयाब रहे। आज पिच दूसरी पारी में धीमी हो गई थी।

**दोनों टीमों की प्लेइंग 11**

न्यूजीलैंड : डेवोन कॉनवे, विल यंग, रचिन रवींद्र, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम (विकेटकीपर/कप्तान), ग्लेन फिलिप्स, मार्क चैपमैन, मिशेल सेंटनर, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, ट्रेंट बोल्ट

नीदरलैंड्स : विक्रमजीत सिंह, मैक्स ओ'डॉउड, कॉलिन एकरमैन, बास डी लीडे, तेजा निदामानुरु, स्कॉट एडवर्ड्स (विकेटकीपर/कप्तान), साइब्रैंड एंगेलब्रेक्ट, रूलोफ वैन डेर मेरवे, रयान क्लेन, आर्यन दत्त, पॉल वैन मीकेरेन

## राइफल शूटिंग प्रतियोगिता : सीनियर में सुगंधा, जूनियर में वंशिका अव्वल

**मुरादाबाद।** जनपद स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं निशानेबाजी का हुनर दिखाया। सीनियर वर्ग में सुगंधा प्रथम स्थान पर रहीं, तो जूनियर वर्ग में वंशिका ने प्रथम स्थान की दावेदारी की। अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज के तत्वावधान में मैथाडिस्ट ईस्ट कॉलेज में जनपद स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राइफल शूटिंग प्रतियोगिता बालिका वर्ग में मिशन मेथाडिस्ट की जूनियर और सीनियर वर्ग में 10 छात्राओं ने हिस्सा लिया। बालक वर्ग में अंबिका



प्रसाद, चित्रगुप्त ,पारकर और जीजी हिंदू मॉडल इंटर कॉलेज के 20 छात्रों ने प्रतिभाग किया। बालिका वर्ग प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सुगंधा ने प्रथम स्थान, खुशी दिवाकर ने द्वितीय स्थान व वसुंधरा ने तीसरे स्थान पर अपना कब्जा जमाया। वहीं जूनियर वर्ग में वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं। सायना दूसरे और साक्षी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान मिशन मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य रेनुका जुएल, जिला क्रीड़ा एसोसिएशन के जिला सचिव वंश बहादुर, मुस्लिम हैबिट इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य आफताब हुसैन, खेल प्रभारी क्लेरिस और शारीरिक शिक्षक सोनिया उपस्थित रहे।

## न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रनों से हराया

**हैदराबाद ।** हैदराबाद के मैदान पर न्यूजीलैंड ने विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड को 99 रनों से हरा दिया। विश्व कप के पहले मैच में न्यूजीलैंड की भिड़ंत इंगलैंड से हुई थी जिसमें रचिन रवींद्र और डिरेल मिचेल के शतकों की बदौलत जीत हासिल कर ली थी। नीदरलैंड के खिलाफ मुकाबले में भी न्यूजीलैंड हावी रहा।

पहले खेलते हुए न्यूजीलैंड ने विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम के अर्धशतक की मदद से 7 विकेट पर 322 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम मजबूती से लक्ष्य का पीछा नहीं कर पाई। उनके नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कॉलिन एकरमैन ने 69 रनों का योगदान दिया। न्यूजीलैंड के स्पिनर मिशेल सेंटनर पांच विकेट निकालने में सफल रहे। नीदरलैंड 223 रन ही बना सका और 99 रनों से मुकाबला गंवा दिया।

इससे पहले टॉस हार बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड ने यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से अच्छा मंच तैयार किया। कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। नीदरलैंड के गेंदबाजों ने हालांकि धीमी पिच पर अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी किया। पारी की शुरुआत में ही नीदरलैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों को लगातार तीन मेडन ओवर डाले। यंग ने चौथे ओवर में रेयान क्लेन पर दो चौके जड़कर न्यूजीलैंड का खाता खोला। डेवोन कॉनवे (32) ने क्लेन के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले स्पिनर आर्यन दत्त पर लांग ऑन पर छक्का मारा।कॉनवे हालांकि रन गति बढ़ाने के प्रयास में बाएं हाथ के स्पिनर रोलोफ वान डेर मर्व (56 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बास डी लीडे को कैच दे बैठे



जिससे पहले विकेट की 67 रन की साझेदारी का अंत हुआ। इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शतक जड़ने वाले रविंद्र और यंग ने इसके बाद पारी को संभाला। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अच्छी लय में दिखे लेकिन नीदरलैंड के गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रहे।

यंग और रविंद्र हालांकि अर्धशतक पूरे करने के बाद क्रमशः पॉल वान मीकेरन (59 रन पर दो विकेट) और वान डेर मर्व का शिकार बने। यंग ने वान मीकेरन की गेंद को पुल करने की कोशिश में बास डी लीडे को कैच थमाया जबकि रविंद्र विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स को कैच दे बैठे। लैथम और डेरिल मिशेल (47 गेंद में 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर रन गति में इजाफा किया। लैथम जब अर्धशतक पूरा करने के बाद दत्त की गेंद पर स्टंप होकर 7वें बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे तो टीम का स्कोर 49वें ओवर में 293 रन था। मिशेल सेंटनर ने 17 गेंद में नाबाद 36 रन की पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड अंतिम तीन ओवर में 50 रन जोड़ने में सफल रहा। जवाब में खेलने उतरी नीदरलैंड की टीम शुरूआत अच्छी नहीं कर पाई। विक्रमजीत सिंह 12 तो मैक्स 16 रन बनाकर आऊट हो गए। इसके बाद कोलिन ने बास डी लीडे और तेजा के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाज विकेट लेकर गेम पर हावी हो गए। कोलिन ने 73 गेंदों पर 69 रन बनाए जबकि बास डी लीडे ने 18 तो तेजा ने 21 रनों का योगदान दिया। मध्यक्रम में कप्तान स्कॉट एडवर्ड ने 27 गेंदों पर 30 तो साइब्रैंड ने 29 रनों का योगदान दिया।

न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। खास तौर पर स्पिनर मिशेल सेंटनर 10 ओवर में 59 रन देकर 5 विकेट निकालने में सफल रहे। मैट हेनरी ने 40 रन देकर 2 विकेट हासिल कीं। इसी तरह रचिन रविंद्र एक विकेट हासिल करने में कामयाब रहे।

## बांग्लादेश के खिलाफ मैच में बेन स्टोक्स के खेलने की संभावना नहीं : बटलर

**धर्मशाला।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में इंग्लैंड का दूसरा मैच धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ है। मैच से पहले इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर ने टीम के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स की उपलब्धता को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि स्टोक्स पूर्ण फिटनेस की ओर बढ़ रहे हैं लेकिन उनके कल के मैच में खेलने की संभावना नहीं है।

इंग्लैंड के स्टार ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को कूल्हे में चोट है, जिस कारण वह न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के शुरुआती मैच में भी नहीं खेल पाए थे। अब कल के मैच में भी उनके खेलने की संभावना नहीं है। जोस बटलर ने मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में



स्टोक्स की फिटनेस के बारे में कहा कि उन्हें नेट्स में वापस आते और पूर्ण फिटनेस की ओर बढ़ते हुए देखना अच्छा है लेकिन शायद कल उनके खेलने की संभावना नहीं है। इंग्लैंड विश्वकप का अपना पहला मैच न्यूजीलैंड से नौ विकेट से हार गया था। इस पर इंग्लैंड कप्तान ने कहा कि उनकी टीम का ध्यान आगामी मैच पर है और वो न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली शिकस्त की निराशा को पीछे छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि हां बिल्कुल, (अगली गेम के लिए) बहुत उत्सुक हूं। हम जानते हैं कि हमने पिछली गेम में उतना अच्छा नहीं खेला जितना हम कर सकते थे। उन्होंने कहा कि टीम में काफी भूख है और हम मैदान पर वापस आने के लिए उत्साहित हैं।

## अफगानिस्तान के खिलाफ भी नहीं खेल सकेंगे शुभमन गिल, बीसीसीआई ने दिया अपडेट

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ 11 अक्टूबर को मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह टीम के साथ दिल्ली की यात्रा नहीं करेंगे।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गिल को लेकर मेडिकल अपडेट जारी किया है कि गिल चेन्नई में ही रुकेंगे और मेडिकल टीम की निगरानी में



रहेंगे। बीसीसीआई के मुताबिक शुभमन गिल टीम के साथ दिल्ली की यात्रा नहीं करेंगे। गिल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में टीम के पहले मैच में नहीं खेल पाए थे और अब दिल्ली में 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। विश्व कप के अपने पहले मैच में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 6 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की है। मैच में सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अस्वस्थ होने के चलते नहीं खेल पाए थे। उनकी जगह ईशान किशन को मौका दिया गया था। ईशान मैच में पूरी तरह फ्लॉप रहे थे। वह बिना खाता खोले पवेलियन लौट गए थे।

### ट्रोलिंग पर बोले KL Rahul - मैं समझ नहीं पा रहा था कि मेरे प्रदर्शन की आलोचना क्यों हो रही है

**चेन्नई।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने स्वीकार किया कि उनकी लगातार आलोचना उनके लिए पीड़ादायक थी और वह हैरान थे क्योंकि उनका प्रदर्शन उतना खराब नहीं था। मई में आईपीएल के दौरान चोटिल होने के कारण महीनों तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से दूर रहे राहुल ने पिछले महीने एशिया कपके दौरान टीम में वापसी की जहां वह टीम के तीसरे सबसे सफल बल्लेबाज रहे। राहुल ने कहा कि काफी आलोचना हो रही थी, लोग प्रत्येक मैच और स्थिति में मेरे प्रदर्शन पर टिप्पणी कर रहे थे। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि ऐसा क्यों हो रहा था क्योंकि मेरा प्रदर्शन उतना खराब नहीं था, यह काफी पीड़ादायक था।

## सुल्तान जोहोर कप-2023 के लिए 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम घोषित

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने सोमवार को 27 अक्टूबर से खेले जाने वाले 11वें सुल्तान जोहोर कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी उत्तम सिंह के हाथों में है। यह टूर्नामेंट मलेशिया के जोहोर में 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक खेला जाएगा। हॉकी इंडिया के अनुसार, 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 में पिछले संस्करणों में प्रदर्शित पारंपरिक 6 टीमों के बजाय इस बार 8 टीमें शामिल होंगी। भारत को पूल बी में मलेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के साथ रखा गया है, जबकि पूल ए में जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और ग्रेट ब्रिटेन हैं। भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा कि चयन समिति ने 11वें सुल्तान जोहोर



कप 2023 में प्रतिस्पर्धा करने और सफल होने के लिए एक अच्छी और संतुलित टीम बनाने में पिछले सभी टूर्नामेंटों को ध्यान में रखा है। हम उन खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और मौका देने पर विचार कर रहे हैं जिनके पास प्रतिद्वंद्वी से बेहतर प्रदर्शन करने का कौशल है। कप्तान उत्तम सिंह ने टूर्नामेंट के लिए अपने इरादे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूरी टीम कड़ी मेहनत कर रही है और जो लोग पिछली बार टीम में नहीं थे, उन्होंने भी अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। इससे टीम के समग्र स्तर में सुधार हुआ है।

**भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम इस प्रकार है-**

गोलकीपर - मोहिथ एच एस, रणविजय सिंह यादव।

डिफेंडर्स - अमनदीप लकड़ा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत।

मिडफील्डर्स - विष्णुकांत सिंह, पूवन्ना सी बी, राजिंदर सिंह, अमनदीप, सुनीत लकड़ा, अब्दुल अहद।

फॉरवर्ड्स - उत्तम सिंह, अरुण सहनी, आदित्य लालगे, अंगद बीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी।

## विराट कोहली ने अरुण जेटली स्टेडियम से जुड़ी यादें कीं ताजा, कहा- वहीं से सबकुछ शुरू हुआ

**नई दिल्ली।** आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2023 में अपना पहला मैच जीतने के बाद भारतीय टीम दूसरा मैच बुधवार को अफगानिस्तान के खिलाफ खेलने उतरेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। यह स्टेडियम भारतीय टीम के पूर्व कप्तान एवं स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का होम ग्राउंड है। यहीं से उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत की थी। बुधवार को यहां मैच से पहले कोहली ने इस मैदान को लेकर अपनी भावनाएं जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि यह वह स्टेडियम है, जहां मैं आयु-समूह क्रिकेट और रणजी क्रिकेट खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। मैं यहां भारत के लिए खेला। वो यादें आपके दिमाग में ताजा रहती हैं। उन्होंने कहा कि वापस जाना और अरुण



जेटली स्टेडियम में खेलना विशेष है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में केएल राहुल के साथ अपनी साझेदारी पर चर्चा कर रहे थे।

वीडियो में केएल राहुल विराट से पूछते हैं कि यह आपके लिए घर वापसी की तरह है। हम दिल्ली जा रहे हैं। मुझे यकीन है कि आपके लिए यह बहुत खास बात है, जहां आप बड़े हुए हैं। आपके नाम का वहां पवेलियन भी है। आपकी कैसी भावना है।

कोहली ने कहा कि आप इसे महसूस कर सकते हैं, क्योंकि वहीं से सब कुछ शुरू हुआ। चयनकर्ताओं ने आपको पहली बार देखा और मौका दिया। उन्होंने कहा कि हम भी मैदान में अभ्यास करते थे और मुख्य मैदान में रणजी टीमों को अभ्यास करते देखते थे। विराट ने आगे कहा कि मेरे लिए अपने नाम पर बने पवेलियन के सामने खेलना थोड़ा अजीब है। मैं इस बारे में ज्यादा बात करना पसंद नहीं करता लेकिन यह एक बड़ा सम्मान है और मैं इसके बारे में खुश और आभारी महसूस करता हूं। यह कुछ ऐसा है, जिसे मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरे साथ ऐसा होगा।

## 128 साल बाद ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी तय, 2028 के खेलों में शामिल करने की हो सकती है घोषणा

**नई दिल्ली।** क्रिकेट को 128 साल बाद ओलंपिक में शामिल किए जाने की तैयारी कर ली गई है। 2028 के लॉस एंजिलस ओलंपिक में क्रिकेट शामिल होगा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट के साथ फ्लैग फुटबाल, बेसबाल, सॉफ्टबॉल को भी शामिल किया जाएगा। मुंबई में 15 अक्तूबर से होने वाले अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के 141वें सत्र में क्रिकेट का शामिल होना तय है, जबकि लैक्रूज और स्क्वॉश इन खेलों के अतिरिक्त खेल होंगे। क्रिकेट इससे पहले 1900 के पेरिस ओलंपिक में खेला गया था, जहां इंग्लैंड और फ्रांस स्वर्ण पदक के लिए भिड़े थे। हालांकि, लंबे समय से क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल करने की कोशिशें चल रही हैं, लेकिन ऐसा संभाव नहीं हो पाया। दरअसल, आईओसी क्रिकेट की लोकप्रियता को ध्यान में रखते हुए भारतीय उपमहाद्वीप के बाजार को भुनाने की कोशिश करेगा। इसके लिए पुरुष और महिला टी-20 क्रिकेट को ओलंपिक में शामिल किया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट के शामिल होने पर 2024



के पेरिस ओलंपिक में प्रसारण अधिकार 158.6 करोड़ रुपये के मुकाबले 2028 में 1525 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

**आईसीसी ने जताई खुशी**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉस एंजिलस 28 आयोजन समिति (ओसी) की ओर से ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने की सिफारिश पर खुशी जाहिर की है। आईसीसी चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा कि दो वर्ष की प्रक्रिया और एलए28 आयोजन समिति के साथ काम करने के बाद ओसी ने क्रिकेट को इन खेलों की सूची में शामिल किया है। उन्होंने इस प्रस्ताव को अंतिम मंजूरी के लिए आईओसी के पास भेजा है। हमें भारत में होने वाले आईओसी सत्र का इंतजार है।

**एशियाड में दो स्वर्ण जीतकर आया है भारत**

महिला टी-20 क्रिकेट को बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में और पुरुष के साथ महिला टी-20 क्रिकेट को हांगझोऊ एशियाई खेलों में शामिल किया गया। एशियाड में भारत ने महिला और पुरुष दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीते।

# भारतीय जनता पार्टी पाली जिला के चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक तथा सुझाव आपका संकल्प हमारा बैठक का आयोजन किया गया




**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता नरेश कुमार सिरवी पाली राजस्थान**

**पाली।** केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने बैठक को संबोधित किया। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला चुनाव समिति तथा विधानसभा चुनाव समिति का गठन कर सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी उन्होंने कहा कि हमारा प्रत्याशी कमल का फूल है ।तथा कमल के फूल को प्रत्याशी मानकर हम चुनाव की तैयारी में लग जाए तथा सभी को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार पूरी तरीके से असफल है प्रतिदिन प्रदेश में हत्या लूट डकैती बलात्कार की घटनाएं हो रही है ।कानून व्यवस्था नाम की प्रदेश सरकार में कोई चीज नहीं है ।कानून व्यवस्था में प्रदेश की सरकार पूरी तरीके से फेल है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता का वादा करने वाली सरकार ने युवाओ के साथ धोखा किया। किसानों के कर्ज माफी का झुठा वादा किया कर्ज माफी की इन्तजार आज तक कर रहा है। किसान उन्होंने कहा कि महिला अत्याचार दुष्कर्म की घटनाएं प्रतिदिन हो रही है आम आदमी सरकार से बहुत दुखी हो चुका है तथा वह बदलाव का मानस भी बन चुका है ।इसलिए भारतीय जनता पार्टी की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी उन्होंने चुनाव प्रबंधन समिति के सभी पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारी देकर काम में लगे जाने का आव्हान किया प्रदेश सरकार को उखाड फेकने का संकल्प लिया तथा सुझाव आपका संकल्प हमारा कार्यक्रम के तहत पाली के प्रभु नागरिकों से वह गणमान्य लोगों से सुझाव आमंत्रित किया उनके सुझावों को भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल किया जाएगा इस कार्यक्रम में जोधपुर संभाग सह प्रभारी प्रमोद सामर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पाली जिला कागेस मुक्त जिला है अब प्रदेश को कांग्रेस मुक्त करना है इस अवसर पर प्रदेश मंत्री महेंद्र कुमावत जिला प्रभारी रविंद्र सिंह बालावत जिला अध्यक्ष मंसाराम परमार पाली विधायक ज्ञानचंद पारख चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक व जिला महामंत्री मोहन जाट तथा सुनील भंडारी व घीसुलाल मेघवाल तथा कार्यक्रम संयोजक तिलोक राम चौधरी व अशोक तलेसरा सहित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे

# नवरात्रि मेला मैहर हेतु 7 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

सतना मैहर में शारदेय नवरात्रि 9 दिवसीय मेला 15 अक्टूबर से 23 अक्टूबर 2023 तक आयोजित होगा। नवरात्रि मेले में पूरे देश के विभिन्न प्रान्तों से लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालुओं की पहुंचाने की संभावना के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने व्यवस्थायें बनाये रखने 7 कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं। जिसके अनुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट आरती सिंह, प्रभारी नायब तहसीलदार रामपुर बघेलान वीरेन्द्र सिंह, बिरसिंहपुर के परमानंद तिवारी, रामनगर के प्रभारी नायब तहसीलदार ललित कुमार धुर्वे और रोशन लाल कोल, सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख लालमणि पाण्डेय तथा सुदामा प्रसाद कोरी को कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त किए गए कार्यपालिक मजिस्ट्रेट 14 अक्टूबर को अपराह्न 4 बजे तक अपनी उपस्थिति मेला प्रभारी सुरेश कुमार जादव उपखण्ड मजिस्ट्रेट मैहर/प्रशासक मां शारदा देवी मंदिर प्रबंध समिति के समक्ष देना सुनिश्चित करेंगे।

# छोटा हाथी वाहन मे साउण्ड सिस्टम (चोंगा) लगाकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते पाये जाने पर पुलिस थाना मझगवां द्वारा की गई कार्यवाही

**पुष्पांजलि टुडे**
**राजेश कुमार तिवारी**
**ब्यूरो चीफ सतना**

आगामी विधान सभा चुनाव की घोषणा होने के कारण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना द्वारा आदेश क्रमांक 1614 / ई / 15 -25 / निर्वा. / स्थ्ष्ट / 2023 सतना दिनांक 09/10/2023 के माध्?म से संपूर्ण जिले मे ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग के संबंध मे निषेधात्मक आदेश जारी किये जाकर समस्त थाना प्रभारियों को पालन कराये जाने हेतु आदेशित किया गया है जो पुलिस अधीक्षक सतना श्री आशुतोष गुप्ता के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक सतना श्री विक्रम सिंह कुशवाह व एसडीओपी चित्रकूट श्री रोहित राठौर के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मझगवां निरीक्षक आदित्य नारायण सिंह धुर्वे द्वारा उक्त आदेशों का पालन कराये जाने हेतु भ्रमण कर कार्यवाही की जा रही है दौरान भ्रमण निरी आदित्य नारायण धुर्वे को आज दिनाँक 12.10.2023 को क्रांतिनगर रेल्वे क्रासिंग के पास कस्बा मझगवां मे एक क्रीम कलर का छोटा हाथी वाहन क्र.क्क 33 क्क्ष 2857 का चालक उक्त वाहन मे तेज ध्वनि से लाउड स्पीकर बजाकर महेन्द्रा कम्पनी के ट्रेक्टर का प्रचार प्रसार कर कोलाहल फैलाते पाया गया था उक्त वाहन चालक से नाम पता पूँछने पर उसने अपना नाम पवन कुमार यादव पिता राधेलाल यादव उम्र 25 साल निवासी ग्राम भवन पुरवा पंचायत टेराखुर्द थाना देवां जिला बराबांकी (उ0प्र0) का होना बताया था तथा वाहन के चालक पवन कुमार यादव से आदर्श आचार संहिता लागू होने की अवधि मे लाउडस्पीकर बजाकर प्रचार प्रसार करने के संबंध मे वैधानिक दस्तावेज माँगने पर कोई दस्तावेज नही होना बताया था । जो वाहन चालक से क्रीम कलर का छोटा हाथी वाहन क्र.-क्क33 क्क्ष 2857 जिसके पीछे महिन्द्रा कंपनी के बैनर लगे है एवं बाँये तरफ एलईडी लगी है , एक नग साउन्ड बाक्स एवं 01 चोंगा स्पीकर एवं एक नग काले रंग की मेघा कम्पनी का स्क्र 75रू एमप्लीफायर व एक नग होण्डा कम्पनी का छोटा प्रेट्रोल जनरेटर तथा एक नग विद्युत बोर्ड कुल कीमती करीब 700000 रुपये का जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा 188 भा.द.वि 15 म प्र कोलाहल नियंत्रण अधि 130 / 177 (3) एम.व्ही.एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है ।






जप्त संपत्ति-

छोटा हाथी वाहन क्र.-क्क33 क्क्ष 2857 ,

एक नग साउन्ड बाक्स एवं 01 नग चोंगा स्पीकर

एक नग काले रंग की मेघा कम्पनी का स्क्र्क्ष् 75रू एमप्लीफायर व एक नग होण्डा कम्पनी का छोटा प्रेट्रोल जनरेटर तथा एक नग विद्युत बोर्ड कुल कीमती 700000/ रूपये

सराहनीय भूमिका-

थाना प्रभारी निरीक्षक आदित्य नारायण धुर्वे प्रधान आरक्षक ब्रम्हदत्त शुक्ला आरक्षक इष्टदेव दीक्षित आकाश कुशवाहा बृजेश्वर यादव ?रणविजय कुमार , **शिव कुमार यादव**

# थाना निधौली कलां पुलिस को मिली सफलता

एटा। करीब पॉच दिन पूर्व थाना निधौली कलां क्षेत्रान्तर्गत हुई युवक की हत्या की घटना का सफल अनावरण, बीमे की 30 लाख रुपये की रकम हड़पने के उद्देश्य से की गई थी हत्या, घटना को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, फेसबुक पोस्ट से प्रेरित होकर दिया था घटना को अंजाम।

**घटना का विवरण-** दिनांक 25.09.2023 को वादी श्री सोवरन सिंह पुत्र श्री पोखपाल सिंह ग्राम नगला सीर थाना अवागढ एटा द्वारा थाना निधौलीकलॉ पर इस आशय की तहरीर दी गई कि वादी के ब? बेटे चरनसिंह उम्र करीब 35 वर्ष की शादी कुशमा देवी पुत्री अमर सिंह निवासी कलकत्ती जनपद बुलन्दशहर से हुयी थी। वादी के बेटे व उसकी पत्नी में आपस में विवाद था। वादी की पुत्रवधु करीब 15 दिन पूर्व झग?ा करके अपने मायके चली गयी थी। वादी का पुत्र चरनसिंह दिनांक 24.09.2023 की सांय से घर से बिना बताये कहीं चला गया था। जिसका शव आज दिनांक 25.09.2023 को निधौलीकलॉ क्षेत्र में गहराना के पास मिला है। उसके शरीर में काफी चोटें हैं। वादी को शक है कि उसके बेटे को उसकी पुत्रवधू व उसके भाई क्रांती व पिता अमर सिंह तथा मौसा शेरा निवासी नगला मेवाती अवागढ व उसके प्रेमी द्वारा हत्या कर दी गयी है। इस सूचना पर थाना निधौलीकलॉ पर मुअसं- 186/23 धारा 302 भादवि बनाम कुशमा, क्रांति, अमर सिंह, शेरा तथा कुशमा का प्रेमी नाम पता अज्ञात पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी**-दिनांक 29.09.2023 को थाना निधौलीकलॉ पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग में प्रकाश मे आये अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र राजाराम निवासी नगला नया थाना अवागढ़ एटा को समय करीब 21.15 बजे अवाग? किला तिराहे के पास से तथा दिनांक 30.09.2023 को अभियुक्त रघुराज पुत्र प्रेमपाल निवासी भूड़गड्डा गहराना थाना निधौलीकलॉ एटा को समय करीब 02.00 बजे उसके मकान से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की जामातलाशी तथा निशादेही पर मृतक का मोबाइल फोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, चप्पलें तथा टूटा हुआ सिम कार्ड घटनास्थल के पास धान के खेत तथा बम्बे से बरामद किया गया हैं। अभियुक्तों के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**मुख्य बिंदु-** 1. पूछताछ में अभियुक्त वीरेंद्र ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चरन सिंह का बीमा कराया था एवं एक्सीडेन्ट में मृत्यु दिखाकर उसकी बीमा की रकम हडपने का प्लान बनाया था। 2. अभियुक्तों ने पहले तो मृतक का आधार कार्ड तथा पैन कार्ड यह कहकर ले लिया कि वे उसकी नौकरी प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत लगवा देंगे। 3. अभियुक्तों ने मृतक के भाई को बीमे में नोमिनी बना दिया जो कम बुद्धि का था, जिससे बाद में उससे बीमे की धनराशि आसानी से हड़पी जा सके। 4. साथ ही अभियुक्तों ने बीमे की पहली किस्त भी अपने पैसों से उसी दिन जमा कर दी, जिस दिन बीमा कराया था। 5. चूंकि मृतक का अपनी पत्नी से काफी समय से मनमुटाव था, जिसके चलते उसकी पत्नी करीब 15 दिन पहले अपने मायके चली गई थी, म ृतक के परिजनों ने इसी बात को लेकर शक के चलते मृतक की पत्नी व उसके ससुरालीजनों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करा दिया था। 6. पूर्व से बनाई गई योजना के तहत अभियुक्त वीरेन्द्र ने अपने साथी रघुराज की मिलकर मैक्स पिकअप से कुचलकर चरन सिंह की हत्या कर दी और शव गहराना के पास सड़क के किनारे फैंक दिया।



**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-** 1. वीरेंद्र पुत्र राजाराम निवासी नगला नया थाना अवागढ़ जनपद एटा उम्र करीब 20 वर्ष। 2. रघुराज पुत्र प्रेमपाल निवासी भूडगड्डा गहराना थाना नि0कलां

**बरामदगी** -1. एक जोड़ी चप्पल मृतक की, 2. एक मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी मृतक का, 3. एक आधार कार्ड व पेन कार्ड मृतक का, 4. घटना में प्रयुक्त मैक्स पिक अप (यूपी 82 टी 1502), 5. 530 रूपये नगद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण** - 1. प्र.नि. श्री मनोज कुमार, 2. उ.नि. श्री अनिल कुमार, 3. का0 मोहित लोहिया, 4. का. अजय मलिक, 5. का0 चालक अजय कुमार।



## डीजीपी से एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य डीएसपी श्री विवेक सागर ने की सौजन्य भेंट

भोपाल। पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर सक्सेना से आज हाल ही में संपन्न 19 वें एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के सदस्य उप पुलिस अधीक्षक श्री विवेक सागर ने पुलिस मुख्यालय में सौजन्य भेंट की। डीजीपी श्री सक्सेना ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश, प्रदेश एवं मध्यप्रदेश पुलिस को गौरवान्वित करने पर डीएसपी श्री सागर एवं भारतीय हॉकी टीम को बधाई दी। डीजीपी ने भारतीय हॉकी टीम के आगामी ओलम्पिक खेलों के लिए क्वालीफाइ होने पर विजय की शुभकामनाएं भी दी। इस अवसर पर श्री सागर ने डीजीपी श्री सक्सेना एवं एडीजी (एसएएफ) श्री साजिद फरीद शापू को एशियन गेम्स का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# ऐसी योजना बनाओ कि इस वक्त का जान बचाने वाला भगवान का नाम जयगुरुदेव पूरे विश्व में लोगों के कान तक पहुंच जाए

## एक समय ऐसा आएगा कि जयगुरुदेव नाम से ही पूरे विश्व को शांति मिलेगी

बावल (हरियाणा)वक्त के सन्त सतगुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 3 फरवरी 2021 सांय भरूच (गुजरात) में दिए व अधिकृत यूट्यूब चैनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि गुरु महाराज के जगाये हुए नाम जयगुरुदेव में पूरी शक्ति उस प्रभु की भरी हुई है। आज आपको बताया जा रहा है कि एक समय ऐसा आएगा कि जयगुरुदेव नाम से ही पूरे विश्व को शांति मिलेगी। आपको ये नही मालूम है कितना बड़ा परिवर्तन होगा। होने को तो बहुत जल्दी हो जाए, चुटकी बजाने में हो जाए लेकिन मरेंगे बहुत। अभी तो बचाया जा रहा है। आप जितने भी धार्मिक हो, आप लोगों को बचाओ, उन्हें शाकाहारी, नशा मुक्त, धार्मिक बनाओ। सत्य, अहिंसा, सेवा, परोपकार रूपी धर्म को धारण कराओ। थोड़ी-थोड़ी देर सभी लोग अपने-अपने तरीके से उस प्रभु को याद करने लग जाएं क्योंकि लोगों ने प्रभु को, भगवान को ही याद करना बंद कर दिया। खाने-पीने, ऐश-आराम के चक्कर में भूल गए, इसी की नकल करने लग गए। पहले के समय में लोग अच्छी चीजों की नकल करते थे। साधक, साधक की नकल करता था कि वो आठ घंटा बैठते हैं तो हम छः ही घंटा बैठे, दस घंटा बैठे। वो सब भूलते चले जा रहे हैं।

**अभी थोड़ा समय है, बचने और बचाने का-** थोड़ा समय अभी है। शुरुआत तो ही गई है। युद्ध का धुआं तो दिखाई पड़ने लग गया, बहुत से लोग मरने लग गए। गुरु महाराज भविष्यवाणी करके गए थे तो बहुत सी भविष्यवाणियां तो कम हो गई। कम कर देते हैं महात्मा, महापुरुष बाद में कम कर देते हैं। गुरु महाराज ने बहुत सी भविष्यवाणियों को कम कर दिया। लेकिन थोड़ी बहुत तो रहेगी ही। जब नहीं मानेंगे तब क्या होगा। लक्ष्मण बाण सराहो, भय बिन होय न प्रीत समुद्र नहीं मान रहा था तब राम ने कहा लक्ष्मण ! तुम्हारा बाण उठाओ। अब ये समुद्र ऐसे नहीं मानेगा। एक बाण छोड़ो, सब कुछ सूख जाए, इसमें पानी ही न रह जाए। अब ताल सून बिन नीर प्यारे गुरु बिना, है सूना मनुष्य शरीर प्यारे गुरु बिना।÷ ताल, नदी, समुद्र की शोभा तब रहती है जब उसमें पानी रहता है। सूखी नदी कोई देखने जाता है। लेकिन नदी में जब खूब पानी आता है तब लोग देखने जाते हैं, समुद्र देखने जाते हैं जब उसमें पानी रहता है। तब समुद्र घबराया। देखो तमाम इतिहास भरे पड़े हैं। अब कोई पढ़ता, सुनता है? अब तो मोबाइल से, निंदा बुराई चुगली से ही फुर्सत नहीं है। अब तो, आज क्या बनाया दीदी आपने, कलौंजी बनाया, परांठा बनाया या खीर बनाया, आज तो मैंने यह किया, आज तो मैंने यह पिक्चर में देखा, आज तो मैंने यह सीखा, यही सब होता है। तो सोचो वो समय था। कभी ऐसा हुआ था और अब ऐसा फिर होगा।



**दूसरों को खत्म करने के लिए हथियार मत बनाओ**-परिवर्तन होता है तब मरते बहुत हैं। त्रेता गया तब बहुत मरे। द्वापर गया तब बहुत मरे। कलयुग में ही कलयुग जाने, कलयुग में ही सतयुग आने की बात मिलती है, तो मरेंगे बहुत। धुआं तो दिखाई पड़ने लगा है। अब जहां धुआं उठता है तहां आग जलती है। धुआं थोड़ी सी हवा माफिक पा गया, बस उसमें आग जलने लग जाती है। तो समझो ये जो हथियार बना रहे हैं, किसके लिए दूसरों को खत्म करने के लिए। वो यह नहीं सोच रहे हैं कि लकड़ी काटने के लिए बनाई यही कुल्हाड़ी अगर फिसल गई तो हमारे ही बदन में, पैर में लगेगी। इसलिए होशियारी रखनी चाहिए। हम ये नहीं कहते हैं कि रक्षा के लिए हथियार न रखो लेकिन दूसरे पर हमला तो न करो। अरे भाई जब आपके सामने कोई बात आवे, ऐसा कोई जानवर आ जाए, कोई कुत्ता आ जाए, तब उसको लाठी दिखा दो। लाठी, छड़ी लेकर चलो लेकिन उससे दूसरे को मारो, काटो, सताओ तो नहीं।

**विनाश के बन रहे कारण में मुसीबत के समय जयगुरुदेव नाम होगा मददगार**-तो प्रेमियों ये सब विनाश के कारण बन रहे हैं। लेकिन उस समय पर, हर मुसीबत में जो ये मददगार जयगुरुदेव नाम जो भी बोलेगा, कुछ न कुछ उसकी मदद तो जयगुरुदेव नाम करेगा ही करेगा। इसलिए ऐसी व्यापक योजना आपकी बननी चाहिए कि पूरे विश्व के लोगों के कान तक जयगुरुदेव नाम पहुंच जाए। ये भगवान का नाम है, जान बचाने वाला नाम है, सुख शांति देने वाला नाम है।

# सहजयोग, भारतीय दर्शन में वर्णित आत्मबोध की परंपरा का वाहक है

भारतीय दर्शन में आत्मबोध की परंपरा अत्यंत प्राचीन है, कच्चे मन को सच्चे मन में परिवर्तित करने की संपूर्ण विधि ध्यान कहलाती है इस संदर्भ में चित्त की भूमिका अत्यंत महत्व पूर्ण है चित्त पर नियंत्रण के बिना ध्यान को साधा नहीं जा सकता, और आत्मा के प्रकाशित हुए बिना ध्यान नहीं सधता, यही आत्मा को चेतित या जागृत करने की प्रक्रिया आत्म साक्षात्कार कहलाती है जो सहजयोग में बिना मूल्य सिखाई जाती है। सहजयोग योग का वास्तविक उद्देश्य है, आत्मसाक्षात्कार। जब आप शरीर, मन और बुद्धि पर विजय प्राप्त करते हैं, उन्हें उपचारित कर लेते हैं, तो आपके लिए आत्मा को पाना सुलभ हो जाता है। इस दिशा में सहज योग एक सरल क्रांतिकारी पद्धति है जिसका प्रादुर्भाव आदिशक्ति श्री माताजी निर्मला देवी के सौजन्य से हुआ है सहज योग को अभिनव अविष्कार कहा जा सकता है क्योंकि यह सामूहिकता में मानवता के उत्थान को करता है इससे पूर्व व्यक्ति अपना व्यक्तिगत उत्थान ही कर पाता था एक समूह में एक साथ अनेक लोगों का उत्थान संभव हुआ जब सहज योग में सामूहिक आत्मसाक्षात्कार की घटना घटित हुई। इसके साथ ही ध्यान का अभ्यास करने वाला व्यक्ति स्वयं अपनी अनुभूति से अन्य व्यक्ति को आत्मसाक्षात्कार दे सके यह भी संभव हुआ। इसका लाभ यह हुआ कि जिस तरह एक साथ बैठकर पूजा की जा सकती है उसी प्रकार एक साथ बैठकर ध्यान भी किया जा सकता है तो घर के सभी सदस्य एक साथ बैठकर अगर ध्यान करते हैं तो समस्त घर का मंगल होता है और नकारात्मकता हटकर पावन सकारात्मकता सभी परिवार के सदस्यों के भीतर एक साथ प्रवेश करती है। उल्लेखनीय है कि,सहजयोग एक ध्यान की क्रिया है जिसे प.पू माताजी श्री निर्मला देवी द्वारा 5 मई 1970 से आरम्भ किया गया, जो की आज विश्व के 100 से अधिक देशों में प्रचलित है, सहजयोग से कुंडलिनी जागरण एवं आत्मसाक्षात्कार की अनुभूति की जा सकती है, व जैसे ही कुण्डलिनी का जागरण होता है वैसे ही मानव अपने अंदर परम शांति को अनुभव करता है, उसके विचार शून्य हो जाते है,एवं नियमित ध्यान करने से वह धीरे-धीरे अपने अंदर व्याप्त अनेक बीमारियों एवं विकारों से भी निजात पाता है। देश एवं विदेशों के अनेक वैज्ञानिकों ने सहजयोग ध्यान पर शोध किया है, एवं इस ध्यान के माध्यम से परम शान्ति व अनेक बीमारियों एवं विकारों से मुक्ति की पुष्टि की है, इसे हर आयु, धर्म एवं वर्ग के लोग महसूस कर सकते है। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 से प्राप्त कर सकते हैं या वेबसाइट पर देख सकते हैं।सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

# गुर्जर समाज का जेल भरो आंदोलन, पुलिस हुई अलर्ट, शहर को बनाया छावनी

**ग्वालियरः** ग्वालियर में गुर्जर आंदोलन के लगभग 18 दिन बाद एक बार फिर तनाव का माहौल देखने को मिल रहा है। गुरुवार की सुबह से ही सड़कों पर आम जन से ज्यादा पुलिस दिखाई दे रही है। कारण है एक बार फिर गुर्जर आंदोलन की आहट। जिस तरह पूर्व में गुर्जर आंदोलन आम सभा से सीधे एक उपद्रव में बदल गया था। कहीं, वैसा दोबारा ना रिपीट हो, इसके चलते पुलिस पहले से ही अलर्ट हो गई है। पुलिस प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ शहर में चाक चौबंद होकर बैठा हुआ है।

**ब्लॉकबस्टर डील्स** - बेस्ट सेलिंग हेडफ़ोन? पर 75त्न तक की छूट 7 अभी खरीदें!

दरअसल, चुनाव से पहले गुर्जर समाज ने पहले जनसभा के नामपर बैठक कर उपद्रव मचाया था। कलेक्ट्रेट से लेकर हाइवे तक जामकर दिए थे। इस बार पुलिस ने आमसभा के पता चलते ही पहले से एक्शन ले लिया। गुर्जर समाज मिहिर भोज की प्रतिमा को लेकर आर-पार की लड़ाई पर उतर आया है। कई दिनों से जेल भरों कैंपेन चला रहा है। आज इनसे मिलने के लिए चंद्रशेखर रावण भी आने वाले थे। लेकिन उनको मुरैना में पुलिस ने रोक दिया।

**4 हजार से अधिक पुलिस बल**–ग्वालियर में हर चौराहे और सामूहिक स्थल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। पुलिस और प्रशासन दोनों ही इस दौरान सतर्क नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं सभी को आंसू गैस और गोली चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया था। देखा जाए तो पूरे शहर में एक चक्रव्यूह सा बना दिया गया है। इस दौरान सबसे ज्यादा नजर बाहर से आने जाने वालों पर रखी जा रही है। किसी भी प्रकार का संदेह नजर आने पर तत्काल हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही शहर में 6 स्थान पर बनाई गई ओपन जेल में बिठाया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों की माने तो शहर में तीन से 4000 पुलिस बल तैनात किया गया है।

**ओबीसी के जेल भरो आंदोलन की थी सूचना**–भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर उर्फ रावण सहित गुर्जर समाज के विभिन्न संगठनों एवं ओबीसी महासभा के लोग गुरुवार को एकत्रित होने वाले थे। इसके बाद जेल भरो आंदोलन चलाने वाले थे। इसकी जानकारी पुलिस को सोशल मीडिया में चल रहे कैंपेन से मिली थी।

**आचार संहिता नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई**

जिस पर ग्वालियर एसपी राजेश चंदेल ने कहा कि इस प्रकार का कोई भी कार्यक्रम की सूचना हमारे पास नहीं है। पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। अगर आचार संहिता के दौरान नियमों का उल्लंघन करते कोई पाया गया तो उसे पर उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं चंद्रशेखर के आने की सूचना को लेकर वाहनों की सघन चेकिंग और स्टेशन बस स्टैंड आदि पर आने जाने वालों से भी पूछताछ की जा रही है।

**1 दर्जन से अधिक हिरासत में**–पुलिस की माने तो दोपहर 12ः00 बजे तक लगभग एक दर्जन से अधिक संदिग्ध दिखने वाले और कार्यक्रम में शामिल होने आए एक दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर ओपन जेल में बैठाया गया है। और उनसे पूछताछ भी की जा रही है। वहीं, आंदोलन में शामिल होने के लिए आ रहे चंद्रशेखर रावण सहित 50 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया।

## ग्वालियर में गुर्जर आंदोलन में शामिल होने आ रहे थे; पुलिस ने मुरैना में रोका



**ग्वालियर।**चुनावी आचार संहिता के बीच ग्वालियर में गुरुवार को गुर्जर और ओबीसी महासभा के आंदोलन में शामिल होने आ रहे भीम आर्मी के चीफ चंद्रशेखर आजाद उर्फ रावण को मुरैना में पुलिस ने रोक दिया। उनके साथ यूपी के सरदाना से सपा विधायक अतुल प्रधान और गुर्जर नेता रविंद्र भाटी भी थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को भी नजरबंद किया गया। रात 8 बजे उन्हें छोड़ा गया।

## चंबल राजघाट पुल पर आते ही चंद्रशेखर, आजाद, अतुल प्रधान और रविद्र भाटी को पुलिस ने बैठाया



**ग्वालियर.** ।गुर्जर आंदोलन में भाग लेने के लिए आ रहे भीम आर्मी के चंद्रशेखर व गुर्जर नेता अतुल प्रधान व रविंद्र भाटी को पुलिस ने मध्यप्रदेश की सीमा में घुसते ही पकड़ लिया और चंबल राजघाट पुल के पास बैठा लिया है। इस खबर के बाद मुरैना एसपी शैलेंद्र चौहान मौके पर पहुंच गए हैं। साथ ही ग्वालियर के एसपी व प्रशासनिक अफसर भी मुरैना के लिए रवाना हो गए। चंद्रशेखर सहित अन्य नेता ग्वालियर जाने के लिए अड़े हैं। लेकिन पुलिस व प्रशासन के अफसर उन्हें ग्वालियर आने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। इससे मौके पर तनाव की स्थति भी बन गई है। क्योंकि ये नेता अपने साथ समर्थक भी लाए हैं।

बाइक की नंबर प्लेट पर लगाए थे गोबरआंदोलन में शामिल होने की फ़िराक़ में तीन युवकों को सिकरोदा तिराहे पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान पकड़ा और मालवा कॉलेज की खुली जेल में बैठाया है।मोटर साइकिल की नंबर प्लेट में गोबर लगाये थे। पुलिस ने रोका था मज़दूरी करने का बहाना बनाने लगे उसके बाद तलाशी की गई तो पता चला हाथ में टेटू बनवाये थे और चंद्र शेखर रावण को देखने जा रहे थे।

**प्रेस का स्टीकर लगाकर शहर में प्रवेश करते हुए पकड़े**–शहर एक प्रवेश द्वार पर एक बुलेरो जीप पर प्रेस का स्टीकर लगाकर शहर में प्रवेश करने जा रहे कुछ युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया है। ये सभी लोग मीडिया कर्मी बनकर शहर में आ रहे थे। लेकिन जब पुलिस ने उन्हें रोका तो वे जवाब नहीं दे सके। बाद में पूछताछ में पता चला कि ये युवक आंदोलन में भाग लेने के लिए जा रहे थे।

**गुर्जर नेता रविंद्र भाटी ग्वालियर के लिए रवाना**–आंदोलन में भाग लेने के लिए गुर्जर नेता रविंद्र भाटी दिल्ली से हवाई जहाज से रवाना हो गए हैं। एयरपोर्ट से रवाना होने का उनका फोटो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हुआ है। इसे देखते हुए पुलिस ने महाराजपुरा एयरपोर्ट के आसपास चौकसी बढ़ा दी है। हालांकि भीम आर्मी के चंद्रशेखर रावण के बारे में अभी सूचना नहीं है कि वे किस रूट से और किस साधन से ग्वालियर आ रहे हैं।

## अपर आयुक्तों में बांटे अतिरिक्त विभाग, चिड़ियाघर से होगा मछलीघर का संचालन



**ग्वालियर ।** नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह ने बुधवार को सात अलग-अलग आदेश जारी कर प्रशासनिक सर्जरी कर दी। अपर आयुक्त मुनीष सिकरवार के निगम से कार्यमुक्त होने के बाद उनके प्रभार वाले विभागों को बाकी के दो अपर आयुक्तों को सौंपा गया है। इसमें विजय राज को राजस्व, पैच रिपेयरिंग, ट्रैफिक सेल और खेल विभाग दिया गया है। वहीं आरके श्रीवास्तव को मदाखलत, शिक्षा, होर्डिंग, फायर ब्रिगेड, पीएम स्वनिधि, एनयूएलएम, श्रम, संबल, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, संपदा और दीनदयाल रसोई की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पीएचइ इंजीनियर शिशिर श्रीवास्तव को मूल विभाग में वापस भेजने के बाद खाली पड़े मछलीघर का संचालन अब चिड़ियाघर के जरिए होगा। वहीं बोट क्लब का नोडल अधिकारी राकेश कश्यप को बनाया गया है। सागरताल और जनकताल पुनरुद्धार कार्य की निगरानी अपर आयुक्त आरके श्रीवास्तव को दी गई है। इस प्रोजेक्ट की निगरानी के लिए अधीक्षण यंत्री जेपी पारा, कार्यपालन यंत्री सुशील कटारे, सहायक यंत्री अशोक गुप्ता और उपयंत्री विशाल गर्ग को बनाया गया है।

**कार्यपालन यंत्री जादौन को दी जिम्मेदारी**–वहीं नगर निगम में ट्रांसफर होकर आए प्रदीप जादौन को पैच रिपेयर व ट्रैफिक सेल का कार्यपालन यंत्री बनाया गया है। एपीएस जादौन को इस दायित्व से मुक्त रखा गया है। इसके अलावा मृत पशु निस्तारण की जिम्मेदारी भी कार्यपालन यंत्री जादौन को दी गई है। सुरेश अहिरवार को इस कार्य से मुक्त किया गया है। इसके साथ ही प्रदीप जादौन को नमामि गंगे मिशन के अंतर्गत मुरार नदी जीर्णोद्धार प्रोजेक्ट भी सौंपा गया है। उधर बुधवार को जोन क्रमांक चार के अंतर्गत वार्ड 14 में कर्मचारियों की लापरवाही पर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहन क्रमांक एमपी 07 एल 4288 के अनाउंसमेंट सिस्टम पर लाडली बहना योजना का गाना जियो लाडली बहना बजने लगा। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित हो गया। मामला संज्ञान में आते ही निगमायुक्त ने एक आदेश जारी कर ग्वालियर डिपो प्रभारी उपयंत्री अभय तोमर और सहायक डिपो प्रभारी विनियमित कर्मचारी यतेंद्र भार्गव को हटाकर मुख्यालय में अटैच कर दिया। इनके स्थान पर सहायक वर्ग तीन वीरेंद्र करोसिया को डिपो प्रभारी बनाया गया है। उधर डीजल चोरी कांड के बाद दक्षिण विधानसभा के डिपो की जिम्मेदारी जेडओ सतेंद्र सोलंकी को दी गई है। यहां से विष्णु पाल को हटाकर ट्रिपल आइटीएम ट्रांसफर स्टेशन पर पदस्थ किया गया है। वहीं सुपरवाइजर दीपक बघेल को निर्वाचन के कंट्रोल रूम में पदस्थ किया गया है। ट्रिपल आइटीएम ट्रांसफर स्टेशन के प्रभारी अशोक सेन को एमपी एग्रो ट्रांसफर स्टेशन पर पदस्थ किया है।

## कल सक्रिय होगा एक और पश्चिमी विक्षोभ, शहर में अभी दस्तक नहीं देगी ठंडक

पुलिस-प्रशासन ने नहीं होने दिया जेल भरो आंदोलन, चंद्रशेखर रावण, भाटी को पहले ही रोका, 150 से ज्यादा लोग पकड पुलिस-प्रशासन ने नहीं होने दिया जेल भरो आंदोलन, चंद्रशेखर रावण, भाटी को पहले ही रोका, 150 से ज्यादा लोग पकड़े



**ठंड का इंतजार, लेकिन मौसम हो रहा है गर्म**–मानसून की विदाई के बाद लोगों को ठंड का इंतजार था। उम्मीद थी कि अक्टूबर में गुलाबी सर्दी दस्तक देना शुरू करेगी, लेकिन जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से उलटा असर हुआ। 24 से 48 घंटों तक उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलीं, तो रात का पारा 17.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था लेकिन तापमान नीचे जाने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार को भी आसमान साफ रहने के कारण तेज धूप खिली रही। इसके अलावा रात के समय हवाएं थमने के कारण न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार जम्मू-कश्मीर व पाकिस्तान के इलाकों में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा का रुख बदला हुआ है। इस कारण तापमान बढ़कर सामान्य से ऊपर पहुंच रहा है। 13 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर में एक और पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके चलते फिलहाल तापमान में गिरावट की संभावना नहीं है। पश्चिमी विक्षोभ का असर समाप्त होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट होगी। दिन का तापमान कुछ दिन स्थिर बना रहेगा, लेकिन उसके बाद यह भी गिरना शुरू हो जाएगा। इससे शहर में सर्दी का आगमन होगा।

## सीरवी समाज परगना समिति बिलाड़ा बेंगलुरू अध्यक्ष चांदावत का किया नागरिक अभिनन्दन

पुष्पांजली टुडे



बिलाड़ा। सीरवी नवयुवक मंडल परगना समिति बिलाड़ा द्वारा प्रवास में कार्यरत संगठन सीरवी समाज परगना समिति बिला?ा बंगलुरू के हाल ही में सर्वसहमति से निर्वाचित अध्यक्ष नारायणलाल चांदावत का बिला?ा आगमन पर नागरिक अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीरवी नवयुवक मंडल बिलाड़ा के अध्यक्ष अशोक परिहार ने बताया कि स्थानीय सिद्धि विनायक कॉलोनी बिला?ा में सीरवी समाज के प्रवास में समाज सेवा हेतु तत्तपर संगठन की नवीन कार्यकारिणी के गठन पर नारायणलाल चांदावत को अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया! उन्होंने बताया कि बैंगलुरू परगना समिति द्वारा प्रवास एव मारवा? आँचल में शिक्षा , चिकित्सा, समाज सुधार जैसे क्षेत्रों में सेवा कार्य किये जाते है, नगरपालिकाध्यक्ष अध्यक्ष रूपसिंह परिहार ने कहा कि सीरवी समाज बिलाड़ा - बैंगलुरू परगना समिति द्वारा समर्पित एम्बुलेंस का लाभ छत्तीस कौम के लोगों को मिल रहा है। स्थानीय परगना समिति बिलाड़ा द्वारा समय-समय पर आयोजित होने वाले रक्तदान, चिकित्सा शिविर में भी सीरवी समाज बिलाड़ा-बैंगलुरू समिति का अभूतपूर्व सहयोग रहा है।प्रवक्ता धन्नाराम राठौड़ ने बताया कि समिति के संस्थापक सदस्य गोपाराम काग, लक्ष्मणराम लचेटा एव अन्य जागरूक कार्यकर्त्ताओं द्वारा पिछले कई वर्षो से जनहितार्थ सेवाकार्यो को अंजाम दिया जा रहा है। संगठन सचिव जगदीश बर्फा ने समारोह में उपस्थित लोगों का आभार प्रकट किया! नवनियुक्त अध्यक्ष चांदावत ने अपने धन्यवाद भाषण में कहा कि स्थानीय नवयुवक मंडल परगना समिति को सेवा कार्यो हेतु चल रहे प्रत्येक प्रोजेक्ट को सिंचित करने हेतु हर संभव सहयोग दिया जायेगा। स्वागत समारोह में संरक्षक मंडल सदस्य गोपाराम काग, अखिल भारतीय प्रांतीय महासभा राजस्थान अध्यक्ष धन्नाराम लालावत, कृषि मंडी व्यापार संघ अध्यक्ष तरूण मुलेवा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनोहरसिंह हाम्बड़, मदनसिंह राठौड़, पिचियाक सरपंच माधवराम सीरवी, समाजसेवी भामाशाह तुलछाराम परिहार के अलावा गई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। इस अवसर पर मोहनलाल आगलेचा, गिरधारीलाल परिहार, शेतानसिंह राठौड़, सुजानसिंह चांदावत, देवीसिंह भींवराज, प्रेम प्रकाश चोयल, पार्षद फुआराम राठौड़, चन्द्रसिंह राठौड़, ओमप्रकाश राठौड़ मदनलाल मेरावत,भामाशाह शेषाराम राठौड़, माधवसिंह राठौड़, गजाराम परिहार, सी. आर. चौधरी, माधवराम लालावत, पार्षद पन्नाराम जांजावत, नारायणराम मुलेवा, तुलछाराम काग, गोविन्द पंवार, भंवरलाल बर्फा, अशोक बर्फा, जगदीश चोयल, देवेन्द्रसिंह राठौड़, भोलाराम , तुलछाराम काग सहित

## मैसूरु महल परिसर में अस्थाई हाथी शिविर में समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान...

मैसूरु. रोटरी क्लब बनूर तथा इनर व्हिल क्लब ऑ? नंजनगुड के संयुक्त तत्वावधान में मैसूरु महल परिसर में अस्थाई हाथी शिविर में वन्य अधिकारियों,महावतो व उनके परिवार जनो के साथ वन्यजीव सप्ताह कार्यक्रम मनाया गया द्य जंबो सवारी के दौरान स्वर्ण होदा ढोने वाले हाथी अभिमन्यु की विधिवत पूजा अर्चना कर कैले,गुड़ आदि खिलाए गए द्य बनुर क्लब के पूर्व अध्यक्ष समाजसेवी महेन्द्र सिंह राजपुरोहित ने अपने संबोधन में कहा कि जंबो सवारी में भाग लेने वाले हाथी व महावतों का परिवार संपूर्ण वर्ष विभिन्न वन क्षेत्रों में स्थापित हाथी शिविरो में रह रहे हैं द्य मैसूरु दशहरा पर्व के दौरान इनको महल परिसर में स्थाई तौर पर रखा जाता है द्य राजपुरोहित ने महावतों की सराहना करते हुए कहा कि मैसूरु दशहरा महोत्सव की जंबो सवारी विश्व विख्यात हैं द्य सहयोगी पूर्व अध्यक्ष महेन्द्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान किया गया द्य बाद में अन्य वक्ताओ ने अपने विचार व्यक्त किए द्य कार्यक्रम में महावतो के परिवार जनो को वस्त्र तथा बच्चों को पाठ्य सामग्री दी गई द्य इस अवसर पर रोटरी क्लब बनुर के अध्यक्ष कृष्ण गौड़ा,इनर व्हिल क्लब ऑफ़ नंजनगुड के अध्यक्ष चेतना रामचंद्र वन्यजीव जंतु चिकित्सक डॉ.मुजीब,आरए?ओ संतोष हुगर,रोटरी क्लब के सदस्य कैंपे गौड़ा,योगेश,हनुमंते गौड़ा, प्रसन्न,वैंकटेश,बाबू सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे द्य



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रधान सम्पादक दिलीप शर्मा द्वारा केसरी प्रिंटर्स टी.आई.टी. काम्पलेक्स नाला नं. 1 शॉप नं. 20, 21, 22 जिला मुरैना म.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित। मो. नं. 9174699643, 9425798488
Email.morenakasari@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरैना म.प्र. रहेगा)